WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 236 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

शीतकालीन सत्र...कौशिक ने सदन में उठाया सैनेटरी मशीनों का मुद्दा,-कहा-

करोड़ों खर्च, फिर भी सैनेटरी मशीनें बंद

बेरोजगारी भत्ते पर विपक्ष का वॉकआउट

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने स्कूल-कॉलेजों में लगे सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इंसीनरेटर का मुद्दा उठाया। श्री कौशिक ने कहा कि कई मशीनों के खराब/बंद होने और करोड़ों खर्च होने के बावजूद छात्राओं का इसका लाभ नहीं मिल रहा है। क्या मंत्री जी इस गंभीर मामले की जांच कराएगी। जवाब में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि, लगभग 1600 मशीनें ठीक हैं और 1300 खराब है इसकी जांच कराई जाएगी।

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट दिखे विधायक

कौशिक ने पूछा - 2020 से 2023 तक मशीनों के लिए निविदा कब- कब निकली। समय पर काम न पूरा होने पर कार्रवाई और भुगतान को लेकर जानकारी मांगी। शुचिता योजना का भी विधायक धरमलाल कौशिक ने जिक्र किया। विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब दिया। लेकिन दिए गए उत्तर से विधायक बीजेपी ने अपूर्ण बताया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है।

11 लाख 39 हजार 656 पंजीकृत बेरोजगार

शीतकालीन सत्र के प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने युवाओं के नौकरी और बेरोजगारी भत्ते पर सवाल किया। पूछा कि 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी है? जवाब में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि 1 अप्रैल 2024 तक की स्थिति में 11 लाख 39 हजार 656 पंजीकृत बेरोजगार हैं। मंत्री ने कहा कि बरोजगारों के लिए रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अभी की स्थिति में करीब 15 लाख के आसपास पंजीकृत बेरोजगार हैं।

प्रदेश में 15 लाख बेरोजगार, देंगे रोजगार

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सदन में जानकारी दी कि एक साथ 14 हजार से ज्यादा लोगों को हम रोजगार देने जा रहे हैं। इसके लिए बहुत जल्द राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित होगा। यहां युवाओं को उनके हुनर के अनुसार जॉब मिलेगी। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सवाल किया कि क्या प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हम लोग युवाओं को सक्षम बना रहे हैं। इस पर विधायक ने सवाल किया कि युवाओं को योजना का लाभ कब देंगे?

मोबाइल नेटवर्क समस्या पर हंगामा

विधायक रेणुका सिंह ने सदन में टॉवरों को लेकर गलत और अधूरी जानकारी देने पर विभागीय अधिकारियों को घेरा। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में अब भी नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन कागजों में टॉवर चालू दिखाए जा रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस विषय में भारत सरकार को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है, वहां जल्द मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे।

भूपेश बोले- युवाओं के साथ धोखा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे विधानसभा से जवाब में मिला है कि ये योजना बंद नहीं हुई है, फिर योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा, कब बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा? इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- हम युवाओं को सक्षम और सामथ्र्यवान बना रहे हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने बजट में योजना के तहत प्रावधान किया है लेकिन दे नहीं रही, ये युवाओं के साथ धोखा है। इसके साथ सदन में पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक शुरू हो गई। भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कुछ देर तक प्रभावित रही।

पूर्व गृह मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यवाही शुरू होने के दौरान स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन की सूचना दी। जिसके बाद स्पीकर, सीएम, नेता प्रतिपक्ष, संसदीय कार्य मंत्री ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दिवंगत के सम्मान में सदन की कार्रवाई 10 मिनट स्थगित की गई।

धान खरीदी में अव्यवस्था पर भूपेश ने सरकार को घेरा

विधानसभा में धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव लाया। भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार धान खरीदने के पक्ष में नहीं है और जानबूझकर व्यवस्था कमजोर कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र रच रही है। उन्होंने बताया कि समिति प्रबंधक, कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं, पंजीयन में गंभीर खामियां हैं, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का पंजीयन नहीं हुआ और ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल है, जिससे कई किसानों को चॉइस सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

चंद्राकर ने विपक्ष से पूछा- दिल्ली गए थे या हैदराबाद

कार्यवाही के दौरान अजय चंद्राकर ने विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से पूछा दिल्ली गए थे या हैदराबाद, राहुल गांधी को फुटबॉल खेलते देखा या नहीं। इस पर महंत ने कहा- कल तो आप हमारी जगह थे। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा- मैं कल भी अपनी ही जगह था। भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर से पूछा- आप क्या खेल रहे थे।

दो वर्षों में विभाग को मिली बड़ी उपलब्धियां

नवा रायपुर बना ऋणमुक्त और निवेश का केंद्रः चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में आवास एवं पर्यावरण विभाग ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। छत्तीसगढ़ संवाद ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री चौधरी ने बताया कि किफायती आवास, बेहतर रहवासी सुविधाएं, आजीविका के अवसर और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है, जिससे नागरिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल पर 735 करोड़ रुपये का ऋण था और 3200 से अधिक संपत्तियां अविक्रित थीं। राज्य शासन द्वारा ऋण चुकता कर मंडल को पूरी तरह ऋणमुक्त किया गया। अविक्रित संपत्तियों के लिए एकमुश्त निपटान योजना के तहत 30 प्रतिशत तक की छूट दी गई, जिससे 9 महीनों में 1251 संपत्तियों का विक्रय हुआ और 190 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। भविष्य में मांग आधारित निर्माण नीति लागू कर वित्तीय जोखिम को कम किया गया है।

गृह निर्माण मंडल की प्रमुख उपलब्धियां

- 735 करोड़ रुपये का ऋण पूर्णतः चुकाया
- ओटीएस योजना से 1251 संपत्तियों का विक्रय
- 190 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित
- मांग आधारित नई निर्माण नीति लागू

अटल नगर देश का पहला ऋणमुक्त ग्रीनफील्ड शहर बन गया

मंत्री चौधरी ने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर देश का पहला ऋणमुक्त ग्रीनफील्ड शहर बन गया है। 1345 करोड़ रुपये का संपूर्ण ऋण चुकता कर 5030 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि और संपत्तियां गिरवी-मुक्त की गईं। इससे निवेश और विकास को नई गति मिलेगी। नवा रायपुर में टेक्सटाइल पार्क, आईटी, सेमीकंडक्टर, मेडिकल सिटी, एजु सिटी और साइंस सिटी जैसी परियोजनाओं से हजारों रोजगार सृजित होंगे।

निवेश और पर्यावरण की दिशा में मजबूत आधारः उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी रियल टाइम उत्सर्जन निगरानी, स्वचालित नोटिस प्रणाली और कॉमन हाजर्डस वेस्ट प्रबंधन सुविधा जैसी पहल की गई है।

आज बेबाक

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बोल बोला है। उनका कहना है कि बिहार सरकार चारा चोट्टा लालू यादव की संपत्ति जब्त कर वहां स्कूल खोलेगी। सुनने में बात अच्छी है किन्तु कहते है न कि कुछ भी कहना आसान होता है और करना मुश्किल इन भ्रष्टासूरों ने कच्ची गोलियां नहीं खेली होती। इनके हराम के माल को उनकी हलक में हाथ डालकर निकालना उतना ही मुश्किल है जितना चील के घोसले में मांस ढूंढना। देखना दिलचस्प होगा कि लालू एंड सन्स की हजारों करोड़ की संपत्ति सरकार जब्त कर पाती है या नहीं।

स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 जीतकर भारतीय टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चेन्नई में आयोजित स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम ने टॉप सीड हांगकांग, चीन को 3-0 से करारी शिकस्त देकर इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए इसे गौरव का पल बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'एसडीएटी स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने और अपना पहला वर्ल्ड कप टाइटल जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बहुत-बहुत बधाई!

राम मंदिर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने वाले रामविलास वेदांती का निधन

अयोध्या(आईएएनएस)। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा में अंतिम सांसें ली, जहां उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही अयोध्या और पूरे संत समाज में गहरा शोक छा गया है। साथ ही राजनीतिक जगत में भी उनके चले जाने से भारी दुख का माहौल है।

शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर नितिन नबीन को कुर्सी पर बैठाया

बीजेपी मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष पर फूल बरसाए गए, जय श्रीराम के नारे लगे

नई दिल्ली। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। अमित शाह और जेपी नड्डा नितिन नबीन के स्वागत के लिए बीजेपी मुख्यालय में पहले से मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नितिन नबीन सोमवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 8.25 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनकी फ्लाइट 4 घंटे लेट हो गई है। वो दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचे। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय, डिप्टी सीएम और गृहमंत्री ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। उनकी नियुक्ति युवा नेतृत्व पर पार्टी के विश्वास का प्रतीक है। उनकी संगठनात्मक क्षमता कार्यकर्ताओं से गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नितिन नबीन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से छत्तीसगढ़ भाजपा परिवार गौरवान्वित है। उनके मार्गदर्शन में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिली है। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा। उनके मार्गदर्शन में विधानसभा से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों तक पार्टी का प्रदर्शन एक ऐतिहासिक उपलब्धि रहा है।

इंडिगो मामले में सुको ने दखल देने से किया इनकार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के रुकने से यात्रियों को हुए नुकसान को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला पहले से ही दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहा है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देगा।

इस मामले की सुनवाई कर रहे सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी बात दिल्ली हाईकोर्ट में ही रखें। सीजेआई ने कहा कि जब किसी मामले पर हाईकोर्ट पहले से सुनवाई कर रहा हो और उसने कुछ निर्देश भी दिए हों, तो ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई शुरू करता है, तो हाईकोर्ट को अपनी सुनवाई रोकनी पड़ती है। यह न्यायिक व्यवस्था के लिहाज से सही नहीं होगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि यह मुद्दा जनता से जुड़ा हुआ है और इससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा कि वह इस मामले में याचिकाकर्ता नरेंद्र मिश्रा की दलीलों को भी ध्यान से सुने और उन पर विचार करे।

दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि इंडिगो की उड़ानों के अचानक रुकने से यात्रियों को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान हुआ है। कई लोगों की यात्राएं रद्द हुईं, जरूरी काम अटक गए और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़े।

राज्यसभा में चर्चा: चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि जिस दिन चुनाव आयोग के कंपोजिशन के बारे में संशोधन किया गया, मुख्य न्यायाधीश को हटाकर उनके बदले एक कैबिनेट मिनिस्टर को शामिल किया गया। इससे जनता में एक संदेश गया कि यह इलेक्शन कमीशन की निष्पक्षता को खत्म करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि पुरानी व्यवस्था फिर से लागू की जाए, जिसके तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होते थे। राम गोपाल यादव ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि चुनाव से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति धार्मिक या जाति के आधार पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी चीजों से अलग हटकर ये नियुक्तियां निष्पक्ष व पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने सदन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कुछ उपचुनाव ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सीजेआई ने कहा- गरीब और मजदूर सर्वाधिक प्रभावित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर गहरी चिंता जताई और साफ कहा कि अब ऐसे आदेश देने की जरूरत है, जिनका जमीन पर सख्ती से पालन हो सके। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट में उठाया गया। सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता ने अदालत को बताया कि जब तक अदालत की ओर से स्पष्ट और कड़े निर्देश नहीं दिए जाते, तब तक राज्य ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

घने कोहरे से हवाई यातायात प्रभावित, एयर इंडिया की कई उड़ानें रद्द

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। खराब मौसम का असर सभी एयरलाइनों की उड़ानों पर पड़ा है। इस बीच एयर इंडिया ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए सुरक्षा कारणों से कई उड़ानें रद्द करने की जानकारी दी है। इससे पहले इंडिगो एयरलाइंस ने भी कोहरे को लेकर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की थी।

गरमा-गरम

नया बिल... नए नाम पर सियासी घमासान जारी

मनरेगा स्कीम की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी'

मोदी सरकार नया बिल ला रही; प्रियंका बोलीं- महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे?

नई दिल्ली/वार्ता। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून का नाम बदलने के फैसले को लेकर सरकार कटघरे में है। केंद्र सरकार संसद में विधेयक पेश कर इस योजना का नाम बदलने की तैयारी में है। अब सियासी आलोचकों की दलील है कि नई योजना का नाम ऐसा रखा गया है कि संक्षेप में इसे 'विकसित भारत जी राम जी पढ़ा जा रहा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल किए हैं।

कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा का नाम बदलने से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण ▣ शेष पृष्ठ 6 पर

महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

लोकसभा में 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' पेश, जेपीसी को भेजने का निर्णय

नई दिल्ली(वार्ता)। लोकसभा में सरकार ने सोमवार को 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पेश किया जिसे विपक्षी सदस्यों के विरोध के बाद संसद की संयुक्त समिति-जेपीसी को भेजने का निर्णय लिया गया।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रताद तेन्नेटी से विधेयक पेश करने की अनुमति मांगते हुए कहा कि विधेयक को विश्वविद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षण, सीखने, अनुसंधान तथा नवाचार में उत्कृष्टता लाने के मकसद से लाया गया है। इसके पारित होने से शिक्षण संस्थान ज्यादा प्रभावी होंगे और उच्च शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों में मानकों के समन्वय तथा निर्धारण में आसानी होगी।

विधेयक लाने का प्रयोजन विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान का गठन करने, विश्वविद्यालयों तथा अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्व-शासित और ज्यादा स्वतंत्र संस्थान बनाने की सुविधा प्रदान करना है और मान्यता, स्वायत्ततातथा पारदर्शी प्रणाली को बढावा देते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल बोले-भत्ता देना नहीं चाहती सरकार, जवाब में मंत्री बोले-हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने वाला बना रही

■ **पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक, विपक्ष ने नारेबाजी कर किया सदन से वॉकआउट**

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। दूसरे दिन सदन में बेरोजगारी भत्ता के मसले पर जोरदार हंगामा हुआ। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने इस मसले पर वॉकआउट कर दिया। दरअसल कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सवाल पूछा कि, बेरोजगारों को भत्ता दे रहे हैं या नहीं। इस पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने वाला बना रही है। जल्द सरकार राज्यस्तरीय रोजगार मेले का आयोजन करेंगी। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- पिछले सत्र में जानकारी दी गई थी कि, योजना चालू है, जब योजना प्रारंभ है तो युवाओं को भत्ता क्यों नहीं दे रहे हैं?

जमकर हंगामे के बाद विपक्ष का वॉकआउट

इसके बाद युवाओं को रोजगार देने पर दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। सदन में जमकर नारेबाजी और हंगामा होने लगा। काफी हंगामा और हो हल्ले के बाद संतोषजनक जवाब ना मिलने पर विपक्ष ने बेरोजगारी भत्ता नहीं देने पर सदन से बहिर्गमन किया।

पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई थी। उस समय सदन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव पहुंचे उनसे मिलने पक्ष-विपक्ष के नेता भी मिलने पहुंचे। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने मिलते हुए जमकर ठहाका लगाया। सदन के वॉल में पूर्व सीएम बघेल से विधायक चंद्राकर बोले राहुल गांधी के साथ फुटबॉल खेले की नहीं। ये सुनकर जमकर ठहाकें लगे।

चंद्राकर का कांग्रेसियों पर तंज, पूछा- दिल्ली गए थे या हैदराबाद

कार्यवाही के दौरान अजय चंद्राकर ने विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से पूछा दिल्ली गए थे या हैदराबाद, राहुल गांधी को फुटबॉल खेलते देखा या नहीं। इस पर महंत ने कहा- कल तो आप हमारी जगह थे। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा- मैं कल भी अपनी ही जगह था। भूपेश बघेल ने अजय चंद्राकर से पूछा- आप क्या खेल रहे थे।

धान खरीदी पर गरमाया सदन, पूर्व सीएम बघेल ने लगाया आरोप

'सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का रच रही है षड़यंत्र'

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष धान खरीदी की अव्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव लेकर आया। आसंदी ने ग्रहिता पर चर्चा की अनुमति देने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने का नहीं है। सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है।

किसानों का पंजीयन नहीं हुआ: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर ग्राह्य कर चर्चा कराते तो सत्तापक्ष के सदस्यों को भी बोलने का मौका मिलता, और सरकार की ओर से इस पर जवाब आता। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से जुड़े समिति के प्रबंधक, कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं। सरकार उनकी मांगे मानने के बजाय उन्हें जेलों में ठूस रही है, उन पर कार्रवाई कर रही है। पंजीयन में समस्या आई, वन अधिकार पट्टा वाले किसानों का पंजीयन नहीं हुआ।

ऑनलाईन टोकन में परेशानी: पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन नहीं कट रहा है। कई लोगों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं, कई लोग चॉइस सेंटर का चक्कर लगा रहें हैं। महासमुंद के किसान मनबोध ने अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

सरकार की मंशा धान खरीदने की नहीं: पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि धान खरीदी केंद्र से सीधे धान उठाने वाले नहीं हैं। धान खरीदी केंद्र से संग्रहण केंद्र ले जा रहे हैं, और आरओ फरवरी में कटेंगे। इस अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने की नहीं है। पिछले साल के धान खरीदी का उठाव नहीं हो पाया। सरकार इस पूरे नाकामी के लिए जिम्मेदार है। सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है। इसलिए आसंदी से आग्रह कर मुद्दे को ग्राहय कर पूरी चर्चा कराई जाए।

नई विधानसभा का नाम 'मिनी माता भवन' रखने की मांग

■ **सतनामी समाज के युवाओं ने विपक्ष से सत्र में मुद्दा उठाने का किया आग्रह**

रायपुर/नवप्रदेश। सतनामी समाज ने छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन का नाम 'मिनी माता विधानसभा भवन' रखने की मांग की है। इसको लेकर समाज के युवाओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को ज्ञापन सौंपते हुए विधानसभा सत्र में इस विषय को मजबूती से उठाने का आग्रह किया है।

युवाओं ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव और बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे को ज्ञापन सौंपा। समाज का कहना है कि, पुराने विधानसभा भवन का नाम 'मिनी माता विधानसभा भवन' था, उसी परंपरा को बनाए रखते हुए नए भवन को भी यही नाम दिया जाना चाहिए। सतनामी समाज का तर्क है कि यह विषय केवल नामकरण का नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक पहचान, इतिहास और सर्व समाज की भावनाओं से जुड़ा है। मिनी माता का नाम समानता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। ऐसे में उनके नाम को बनाए रखना जनभावनाओं के अनुरूप होगा।

सामाजिक इतिहास में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा

समाज के युवाओं ने बताया कि मिनी माता अविभाजित मध्यप्रदेश की पहली दलित महिला सांसद थीं और छत्तीसगढ़ के सामाजिक इतिहास में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। उनके योगदान को सम्मान देने के लिए विधानसभा भवन का नाम यथावत रखा जाना चाहिए। युवाओं ने उम्मीद जताई कि विधानसभा सत्र के दौरान जनप्रतिनिधि इस मांग को सदन में प्रभावी ढंग से उठाएंगे, जिससे छत्तीसगढ़ की सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत को सम्मान मिल सके। इस दौरान पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, आलोक खरे, मनीष बांधे, ऋतिक बघेल, सौरभ महिलांगे और कुनाल खूंटे सहित समाज के कई युवा मौजूद रहे।

नवंबर में पीएम मोदी ने किया था नए विधानसभा भवन का उद्घाटन

नवा रायपुर में बनी छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन एक आधुनिक और इको-फ्रेंडली इमारत है। 324 करोड़ रुपए की लागत से बने इस भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवंबर 2025 को किया था। इसी भवन में 14 दिसंबर 2025 से पहला शीतकालीन सत्र शुरू हुआ। नई विधानसभा को मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया गया है। जिसमें पेपरलेस कार्यवाही, सोलर पैनल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और आधुनिक ऑडियो-वीडियो सिस्टम शामिल हैं। इसे लोकतंत्र और जन-आवाज़ का आधुनिक मंदिर माना जा रहा है।

एसआईआर समीक्षा बैठक: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सख्त, बोले-

छूटे हुए सभी मतदाताओं का दोबारा सत्यापन करने दिए निर्देश

■ **बीएसओ ऐप से गणना पत्रक अपलोड करना अनिवार्य**

रायपुर/नवप्रदेश। मतदाता सूची को सही और अपडेट रखने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी ईआरओ और एईआरओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि गणना पत्रकों का भौतिक सत्यापन कर उन्हें अनिवार्य रूप से बीएसओ ऐप के माध्यम से अपलोड कराया जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी मतदाता का नाम सूची से हटाया जा रहा है, तो उससे जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। यशवंत कुमार ने कहा, कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए छूटे हुए सभी योग्य मतदाताओं का दोबारा सत्यापन किया जाए। साथ ही एएसडी श्रेणी में शामिल अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के मामलों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सटीक जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया।

एसआईआर की समय-सीमा 7 दिन बढ़ी, संशोधित कार्यक्रम जारी

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया को 7 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। अब घर-घर मतदाता सत्यापन का कार्य 18 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक तय की गई है। वहीं, सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक चलेगी।

बूथ लेवल एजेंटों के समन्वय कर सूची साझा करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अप्राप्त गणना पत्रकों को लेकर भी निर्देश दिए कि राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय कर सूची साझा की जाए और उनके हस्ताक्षर लिए जाएं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंर्त-आयुर्वेद महाविद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में आज अंर्त-आयुर्वेद महाविद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता÷ का शुभारंभ संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में राज्य के 2 शासकीय सहित 3 निजी आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं के इंटर कॉलेज क्रिकेट और व्हालीबॉल स्पर्धा आयोजित की जा रही है।

शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कहा कि खेल के जरिए ही विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है जो उन्हें भविष्य की अनेक चुनौतियों पर विजय दिलाती है। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. सुनील कुमार दास ने संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और खेल को नियमित दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया गया है।

समारोह का स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य डॉ. प्रवीण जोशी ने दिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ.संजय शुक्ला, छात्रसंघ प्रभारी डॉ. जी.आर. रात्रे, डॉ. एस.आर इंचुलकर, डॉ.हरिन्द्र मोहन शुक्ला, डॉ. सरोज परहाते, डॉ. रुपेन्द्र चंद्राकर सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी।प्रतियोगिता के अंतर्गत आज छात्रों के क्रिकेट क्वार्टर फाइनल मैच में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर और बिलासपुर तथा छात्राओं के क्वार्टर फाइनल मैच बिलासपुर की टीम जीती। इसी तरह छात्राओं के व्हालीबॉल क्वार्टर फाइनल मैच राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर और बिलासपुर की टीम ने जीती।

पोटा केबिन के 833 अनुदेशकों का दर्द सुनो सरकार..

संजय लिखितकर

बीजापुर/नवप्रदेश। संभाग के चार जिलों में राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा संचालित बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय (पोटाकेबीन) में पदस्थ अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का हालत हंगामा फिल्म के कलाकार राजपाल यादव के समान है। अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं को मंदिर का घंटा बनाकर रखा है। हमेशा अधिक्षिका एवं अधीक्षक व अधिकारी भय बना रहता है। कम वेतन में अधिक कार्य, ऊपर से मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान। ये बस्तर संभाग के 69 पोटा केबिन के 833 अनुदेशक हाल है। ना ही शासन की सुविधा का लाभ ना अन्य लाभ? चौबीस घंटे सेवा के बाद भी सुध लेना ना शासन ने समझा ना ही प्रशासन ने?

तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 15 वर्ष पहले अति संवेदनशील व पिछड़े क्षेत्रों में सूदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों के गरीब आदिवासी बच्चे जो शिक्षा से वंचित या यों कहें कि शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा देने के लिए आवासीय विद्यालय में ब्रीज पाठ्यक्रम लागू किया, जिससे की पालकों में शिक्षा के अलख जगे। जिसका ग्रामीणों में सकारात्मक परिणाम मिला। जिसमें बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाओ का विशेष ध्यान रखा गया। तत्कालीन केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वितीय कार्यकाल में 2009 में प्रस्ताव पारित कर ब्रीज पाठ्यक्रम के स्थान पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन का गठन किया गया। जिसमें बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय पोटाकेबीन संचालित किया गया। अतिसंवेदनशील और अति पिछड़े सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का उद्देश्य था। पोटाकेबीन में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का भर्ती किया गया। इन लोगों का कार्य सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर शिक्षा से वंचित व शाला त्यागी बच्चों को लाकर शिक्षा, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना।

संभाग में चार जिल सुकमा , दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर राजीव गांधी शिक्षा मिशन में कार्यरत अनुदेशको की संख्या लगभग -833 है।लेकिन अनुदेशक और अनुदेशिकाओं का ध्यान ना तो शासन,ना ही प्रशासन रख रहा है। विगत 15 वर्षों से शासन प्रशासन द्वारा इन्हें आश्वासन का झुनझुना थमा रहा है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस सरकार सभी ने मुंह फेर लिया। अनुदेशक और अनुदेशिकाओं दोनों नियमित शिक्षकों की भांति कार्य कर रहे हैं। नियमित शिक्षकों को 50- 60 हजार रुपए मासिक वेतन है। लेकिन अनुदेशक व अनुदेशिकाओं को वर्तमान में मात्र 16 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। इन्हें प्रारंभ में 12 सौ रुपए मिलता था। तत्कालीन कलेक्टर अनुराग पांडे ने अनुशंसा कर ढाई हजार रुपए बढ़ाया जो एक माह मिला लेकिन बाद में पुनः10 हजार रुपए दिया जा रहा है। वहीं मुख्य रसोईया का 14 हजार और सहायक रसोईया का 12 हजार रुपए माह वेतन है। नियमित शिक्षकों की भांति अनुदेशक शिक्षक डायरी, बच्चों की हाजिरी लेना, अंकसूची में हस्ताक्षर करना बीमार बच्चों को ईलाज के अस्पताल ले जाना आदि कार्य करते हैं। साथ ही चौबीस घंटे सेवा देते हैं। अनुदेशको द्वारा शिक्षित बच्चे आज शासकीय सेवाओं में है,आज अनुदेशको से पांच गुना वेतन पा रहे हैं। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी भी अनुदेशको द्वारा कराया जा रहा है इन प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण बच्चे डाक्टर और इंजीनियर कालेज में अध्ययनरत हैं। आखिर शासन प्रशासन इनके साथ भेदभाव क्यों कर रहा है? नियमित शिक्षकों में किसी कारणवश मौत हो जाती है तो उन्हें अनुकंपा नियुक्ति लेकिन लगभग 35 अनुदेशक की मृत्यु होने के बाद आज भी उनका परिवार मुफलिसी का जीवन गुजार रहा है। अनुदेशक संघ ने इस संबंध में बड़े बड़े मंत्री और मुख्यमंत्री को अनेक बार ज्ञापन सौंपा लेकिन वह भी ढांक के तीन पात रहे। जितने भी मीटिंग या प्रशिक्षण होता है वहां अनुदेशक अपने स्वयं के व्यय पर जाते हैं। उन्हें किसी प्रकार का भत्ता नहीं मिलता।

कथित तौर पर विश्वनीय सूत्रों ने बताया है कि तेलंगाना के किसी नेता को पकड़कर लगभग 30 हजार रुपए नियमित के नाम पर हर अनुदेशक से लिया गया। दिल्ली तक अनुदेशक संगठन के पदाधिकारी उस नेता के साथ गए। लेकिन ÷ भरोसे की भैंस गोबर दे दी।÷ कुछ अनुदेशक ने नाम ना छापने की शर्त बताया की राजधानी में हमें पार्ट टाइम शिक्षक के नाम से जाना जाता है। यही से जो जानकारी दी जाती है दिल्ली में भी वही जानकारी है। अनुदेशको का कहना है कि हमारी भी शैक्षणिक योग्यता है। हम लोग डीएलएड है, जो राज्य सरकार द्वारा कराया गया है और कुछ बीएड है। एक विशेष अभियान के तहत सरगुजा से शिक्षक भर्ती किया गया तो हम लोगों को क्यों नहीं? यहां तो खुल्ला खेल फर्रूखाबादी है।' ना ही सत्तापक्ष और ना ही विपक्ष इन अनुदेशको पर ध्यान दें रहा है। सब अनुदेशको को आशा है कि विपक्ष द्वारा अनुदेशक की समस्या को विधानसभा सत्र में जोर शोर से उठाया जाएगा?

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से 68 हजार मरीजों को मिला लाभ

कोडागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। नगर पालिका परिषद कोंडागांव के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का आयोजन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश डे के द्वारा किया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से शहर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक लगभग 68 हजार मरीजों का इलाज किया गया है, इनमें से 62 हजार से अधिक मरीजों को निःरूशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं और 24 हजार से अधिक लोगों की लैब जांच मुफ्त में की गई है। इन शिविरों में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को 170 प्रकार की दवाइयां और 41 प्रकार की लैब जांच की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है।

नपा अध्यक्ष नरपति पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी द्वारा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाती है। इसके अलावा नगर के सफाई मित्रों को भी प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी जाती है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को उनके घर के पास ही उच्चतम स्वास्थ्य परामर्श और मुफ्त चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस योजना के एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर जय संचेती ने बताया कि जिले में कुल दो गाड़ी है, जो केशकाल कोंडागांव और फरसगांव में चलती है। उन्होंने बताया कि एक महिला जो बाजार गई थी बाजार में जाते वक्त इनको एक सांड ने जोर से टक्कर मार दी जिससे यह जखमी हो गए।

छत्तीसगढ़ की लोक कला गेड़ी नृत्य को यूनेस्को में मिली सराहना

दिल्ली में 180 देशों के प्रतिनिधियों के सामने लोक संस्कृति का प्रदर्शन, लोक श्रृंगार भारती संस्था ने किया छत्तीसगढ़ की लोक कला का प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की सांस्कृतिक संस्था 'लोक श्रृंगार भारती' के गेड़ी लोक नृत्य दल द्वारा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के आमंत्रण पर नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। 7 से 13 दिसम्बर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय समारोह में 180 देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहीं। समारोह में गेड़ी नर्तक दल ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को काफी सराहा गया।

मुख्य गायक एवं नृत्य निर्देशक अनिल गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में गेड़ी नृत्य दल ने अपने सशक्त, ऊर्जावान एवं रोमांचक प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विभिन्न राज्यों के कलाकारों सहित 180 देशों के डेलिगेट्स उपस्थित रहे। समारोह का ऐतिहासिक क्षण तब आया जब भारत के महापर्व दीपावली को यूनेस्को द्वारा विश्व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि में छत्तीसगढ़ के गेड़ी लोक नृत्य दल की प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली गेड़ी नृत्य की भावपूर्ण और साहसिक प्रस्तुति से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत प्रभावित हुए। उन्होंने 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कहकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। यूनेस्को के महानिदेशक डॉ. खालिद एन. एनानी सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने गेड़ी नृत्य दल के साथ स्मृति चित्र लिया व छत्तीसगढ़ राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक पहचान दिलाने के लिए शुभकामनाएं दी।

विदेशी प्रतिनिधियों के मन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति जिज्ञासा जगी

मुख्य गायक अनिल गढ़ेवाल द्वारा प्रस्तुत 'काट ले हरियर बांसे' गीत ने विदेशी प्रतिनिधियों के मन में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति गहरी जिज्ञासा उत्पन्न की। वहीं मुख्य मांदल वादक मोहन डोंगरे द्वारा एक ही स्थान पर घूमते हुए मांदल वादन किया। हारमोनियम वादक सौखी लाल कोसले एवं बांसुरी वादक महेश नवरंग की स्वर लहरियों पर विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि झूम उठे। गेड़ी नर्तकों प्रभात बंजारे, सूरज खांडे, शुभम भार्गव, लक्ष्मी नारायण माण्डले, फूलचंद ओगरे एवं मनोज माण्डले ने साहसिक करतबों से दर्शकों को रोमांचित किया। विशेष रूप से तब, जब एक गेड़ी पर संतुलन बनाते हुए कलाकारों ने मानवीय संरचनाएं बनाईं, पूरा प्रांगण तालियों से गूंज उठा। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा, कौड़ियों व चीनी मिट्टी की मालाएं, पटसन वस्त्र, सिकबंध एवं मयूर पंख धारण कर प्रस्तुत भाव नृत्य ने प्रस्तुति को और भी आकर्षक बना दिया।

न्यूज गैलरी

शराब पीने पैसे नहीं देने पर युवक से मारपीट, दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर आरोपियों ने प्रार्थी द्वारा रकम देने से मना करने पर क्षुब्ध होकर गाली गलौच कर मारपीट की। सरकंडा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी दिलीप कुमार केंवट पिता रामखिलावन केंवट उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कर्रा नैनपुर थाना रतनपुर हाल निवास अमरैया चौक चिंगराजपारा सरकण्डा का 4 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह रात्रि करीब 8.30 बजे अमरैया चौक चिंगराजपारा के शराब भट्ठी से शराब लेकर वापस आ रहा था कि शराब भट्ठी के पास ही करन सूर्यवंशी और संजय सूर्यवंशी मिले और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे जिन्हे पैसा देने से मना किया तब वे दोनो अश्लील गाली गलौच करते हुये मारपीट करने लगे एवं पास में रखे शराब की खाली शीशी से मारकर चोंट पहुंचाये हैं, बीच बचाव करने आये अर्जुन केंवट को भी शराब की शीशी से मारकर चोंट पहुंचाये हैं, प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण में आरोपीगण अपने सकुनत से फरार थे, जिनकी पतासाजी किया जा रहा था कि आज 15 दिसंबर को सूचना मिला कि आरोपी करन सूर्यवंशी एवं संजू सूर्यवंशी अपने सकुनत पर आये हुये हैं।

उत्पीड़न के खिलाफ कलेक्टोरेट के सामने महिलाओं ने दिया धरना

मेलापारा के मकान तोड़ने पर फूटा आक्रोश, ईरानी मोहल्ले को बख्शा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में हिंदू संगठनों ने सोमवार को कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन हिंदुओं के मकान तोड़ने, ईरानी मोहल्ले को बख्शने, और उनके निवासियों द्वारा कथित उत्पीड़न के विरोध में था। मेलापारा से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष धरने में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने के अभियान में हिंदुओं के मकानों को आसानी से निशाना बना रहा है। वहीं, ईरानी मोहल्ले के निवासियों द्वारा कथित मारपीट और विरोध के कारण प्रशासन के कर्मचारी उनके सामने कार्रवाई करने से पीछे हट जाते हैं। हिंदू संगठन के धनंजय गोस्वामी ने बताया कि दो महीने पहले मेलापारा में हिंदुओं के मकान तोड़े गए थे और उन्हें दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके विपरीत, बगल के ईरानी मोहल्ले में जब प्रशासन कार्रवाई करने पहुंचता है, तो वहां के लोग मारपीट और गाली-गलौज पर उतर आते हैं, जिससे कार्रवाई रुक जाती है। गोस्वामी ने बताया कि ईरानी मोहल्ले के लोगों के खिलाफ सरकंडा थाने में मारपीट और अन्य मामलों में छह एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन मामलों में कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं, जिससे आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से हिंदुओं के साथ न्याय करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

ईरानी मोहल्ले के निवासियों पर प्रताड़ना का आरोप

गोस्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में एक शिक्षक के साथ मारपीट और स्कूली बच्चियों के आपत्तिजनक वीडियो बनाने के मामले सामने आए हैं। उनका दावा है कि ईरानी मोहल्ले के लड़के हिंदुओं को प्रताड़ित करते हैं, लेकिन प्रशासन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता। उन्होंने सवाल उठाया कि अतिक्रमण हटाने से लेकर आपराधिक मामलों तक, हमेशा हिंदुओं को ही निशाना क्यों बनाया जाता है। गोस्वामी ने चेतावनी दी कि हिंदुओं के साथ अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रभारी व बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री, नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि नितिन नबीन अपनी उत्कृष्ट संगठनात्मक क्षमता, दूरदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपने नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।

अरपा किनारे लौटे प्रवासी दुर्लभ पक्षी, संरक्षण जरुरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर शहर और आसपास के इलाकों के लिए यह एक सुखद लेकिन सोचने पर मजबूर करने वाली खबर है। जिले के जलाशयों के बाद अब प्रवासी पक्षियों की आमद शहरी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सोमवार को अरपा नदी के तट पर रपटा पुल के पास नदी के उथले हिस्से में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का झुंड नजर आया। यह दृश्य जहां प्रकृति प्रेमियों के लिए खुशी लेकर आया, वहीं इसके पीछे छिपी सच्चाई ने व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सवाल भी खड़े कर दिए। विडंबना यह है कि जिस अरपा नदी के किनारे ये खूबसूरत मेहमान पहुंचे हैं, उसी नदी में शहर के नालों का गंदा पानी बह रहा है। प्रदूषित जल के बीच ये पक्षी उथले हिस्सों में भोजन तलाशते दिखाई दिए। वर्तमान में बैराज निर्माण कार्य के चलते नदी में पानी कम है, जिससे भोजन की उपलब्धता तो बढ़ी है, लेकिन साफ पानी और सुरक्षित आवास का अभाव इन प्रवासी पक्षियों के लिए खतरे की घंटी भी है।तस्वीरों में उथले पानी में भोजन खोजते ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट्स और पाइड एवोसेट के झुंड साफ दिखाई दे रहे हैं। ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट अपने काले-सफेद शरीर, चमकीले गुलाबी पैरों और पतली सीधी चोंच के कारण बेहद आकर्षक जलपक्षी है, जबकि पाइड एवोसेट की पहचान उसकी लंबी टांगें और ऊपर की ओर मुड़ी हुई विशिष्ट चोंच है, जिससे वह पानी में अगल-बगल घुमाकर भोजन करता है।

प्रदूषण पर नियंत्रण जरुरी

प्रवासी पक्षियों का इस तरह शहरी क्षेत्र में दिखना इस बात का संकेत है कि यदि परिस्थितियां अनुकूल बनाई जाएं तो अरपा नदी का यह हिस्सा भी इनके लिए संभावित आवास बन सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि प्रदूषण पर नियंत्रण हो, नदी की नियमित निगरानी की जाए और इन पक्षियों को सुरक्षित माहौल मिल सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रवासी पक्षियों की इस अप्रत्याशित आमद को लेकर वन विभाग और प्रशासन क्या पहल करता है। क्या अरपा नदी के इस हिस्से को संरक्षण क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा, या फिर ये मेहमान उपेक्षा के बीच लौट जाएंगे। प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी केवल एक खबर नहीं, बल्कि बिलासपुर शहर के लिए प्रकृति को सहेजने की एक बड़ी जिम्मेदारी और अवसर दोनों है।

नि :शुल्क चिकित्सा शिविर 16 आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपोलो हॉस्पिटल द्वारा 16 दिसम्बर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सवेरे 10.30 बजे से 12.30 बजे तक पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग के पास किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ कलेक्टर संजय अग्रवाल सवेरे 10 बजे करेंगे। शिविर में अपोलो से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोफिया सुल्ताना, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विजया लक्ष्मी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कौशले, गैस्ट्रोएंट्रोलाजी डॉ आकाश गर्ग, जनरल मेडिसीन डॉ मंदार गोकाटे विशेष रूप से उपलब्ध रहेंगे।

देसी दिवाज ग्रुप ने दंतेश्वरी माता का दर्शन कर की पूजा-अर्चना

बिलासपुर/नवप्रदेश। देसी दिवाज़ ग्रुप की व्यवस्थापिकाएं सुनैना नायर और श्वेता पटेल ने ग्रुप की महिलाओं और बच्चों के साथ हाल ही में बस्तर की धार्मिक धरोहर, दंतेश्वरी माता मंदिर का दर्शन कर अपनी यात्रा को यादगार बना लिया। 14वीं शताब्दी में बने इस ऐतिहासिक मंदिर में ग्रुप ने न केवल पूजा-अर्चना की, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी करीब से जाना। दंतेश्वरी माता, जो बस्तर की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती हैं, के चरणों में देसी दिवाज़ की सदस्यों ने श्रद्धा और भक्ति का संगम अनुभव किया। इस अवसर पर ग्रुप ने मंदिर की सुंदर वास्तुकला, दक्षिण भारतीय शैली में बने भव्य निर्माण और शांत वातावरण की प्रशंसा की। यात्रा के दौरान, देसी दिवाज़ ग्रुप ने बस्तर पैलेस का भी दौरा किया, जो मंदिर के पास स्थित है और बस्तर के राजाओं का ऐतिहासिक निवास स्थान है।इसके अलावा, ग्रुप ने बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी आनंद लिया। चित्रकोट वॉटरफॉल 'इंडिया का नायगरा, तिरथगढ़ वॉटरफॉल, दलपत सागर लेक, कंगेर वेली नेशनल पार्क। देसी दिवाज़ ग्रुप की इस यात्रा ने न केवल धार्मिक भावनाओं को उकेरा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को साझा करने का एक अच्छा प्रयास भी किया। ग्रुप के सदस्यों ने कहा 'यह यात्रा हमारे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव थी और हम बस्तर की इस सुंदरता को औरों के साथ बांटना चाहते हैं। बस्तर की ये यादें अब देसी दिवाज़ के दिलों में बसी रहेंगी और शायद अगली यात्रा का इंजतार भी शुरू हो गया है। चाहे आप प्रकृति प्रेमी हों या आध्यात्मिक खोजी, बस्तर आपको जरूर बुलाएगा।

नदारद सचिवों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

तखतपुर सीईओ ने किया पंचायत कार्यालयों का निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निर्देश पर जनपद पंचायत तखतपुर के सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने आज जनपद पंचायत तखतपुर की चार ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई पंचायत कार्यालय बंद मिले और सचिव नदारद रहे। सीईओ द्वारा कार्यालयीन समय में अनुपस्थित सचिवों के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के कामकाज पर निगरानी और आमलोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनपद सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत परसदा, भरनी, चोरभट्ठीकला एवं चोरभट्ठीखुर्द का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत परसदा के सचिव ब्रजेश साहू बिना पूर्व सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भरनी का पंचायत कार्यालय बंद मिला व सचिव विरेंद्र ध्रुव अनुपस्थित मिले। ग्राम पंचायत चोरभट्ठीकला का पंचायत कार्यालय भी कार्यालयीन समय में बंद पाया गया, जहां सचिव मनीता कश्यप कार्यालय में मौजूद नहीं थी। इसी तरह ग्राम पंचायत चोरभट्ठीखुर्द में भी पंचायत कार्यालय बंद पाया गया और सचिव प्रीति ध्रुव अनुपस्थित रहीं। जनपद सीईओ द्वारा सभी नदारद सचिवों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रकरण सीईओ जिला पंचायत को भेजा गया है।

आयोजन

'नारी शक्ति' खेल महोत्सव का आयोजन, 300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

खेल महोत्सव में सिर में मटका लेकर दौड़ीं एसईसीएल अधिकारियों की पत्नियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में दो दिवसीय 'एसईसीएल नारी शक्ति खेल महोत्सव-2025' का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एसईसीएल अधिकारियों की पत्नियां सिर पर मटका लेकर दौड़ लगाती और खेलों में पसीना बहाती नजर आईं।

दरअसल, वर्तमान समय में बढ़ते तनाव के बीच सकारात्मक ऊर्जा और सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन एसईसीएल के श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में किया गया। यह महोत्सव खेल भावना, आपसी सहभागिता और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने की एक सराहनीय पहल के रूप में सामने आया। महोत्सव के दौरान 50 मीटर और 100 मीटर दौड़, 4म50 मीटर रिले, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज और टेबल टेनिस जैसे खेलों के साथ-साथ मटका रेस, जलेबी रेस, तीन टांग दौड़ और नींबू दौड़ सहित कुल 28 मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें एसईसीएल अधिकारियों की पत्नियों सहित बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। रविवार को सभी खेलों और फन गेम्स के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों ने भी भरपूर उत्साह और आनंद का अनुभव किया। एसईसीएल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सनिश चंद्र ने बताया कि अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग समूह बनाए गए थे, जिनमें रेड हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं पर्पल हाउस मात्र एक अंक के अंतर से उपविजेता रही। दोनों टीमों के बीच सभी खेलों में कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रियेशा चौरसिया और डॉ. संजीवनी पाणिग्रही ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महाप्रबंधक कल्याण श्यामला राव ने किया। समापन समारोह में एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन के साथ श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण अनीता फ्रैंकलिन, हसीना कुमार और विनिता जैन उपस्थित रहीं।

नारी शक्ति राष्ट्र की असली ऊर्जा : सीएमडी

वसंत विहार स्पोर्ट्स ग्राउंड में समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेता और उपविजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि नारी शक्ति किसी भी संगठन और राष्ट्र की वास्तविक ऊर्जा है। ऐसे आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि एसईसीएल में महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि निरंतर क्रियान्वयन की प्रक्रिया है। 'नारी शक्ति खेल महोत्सव' इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। श्रद्धा महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव कार्यरत और गृहिणी महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का अनूठा और अत्यंत सार्थक प्रयास है। इससे पहले समारोह में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन और श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन का पारंपरिक रूप से पौधे भेंट कर स्वागत किया गया।

सुविचार

आसान नहीं है अपने ढंग से जी पाना। अपनों को भी खटकने लगते हैं जब आप अपने ढंग से जीने लगते हैं। -अज्ञात

नितिन नबीन को भाजपा की कमान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अकसर चौकानें वाले फैसले लेते हैं। इसी क्रम में भाजपा ने बिहार के लोकनिर्माण मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का निर्णय लेकर सबको चौंका दिया है। इस पद के लिए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर प्रहलाद जोशी तक लगभग आधा दर्जन वरिष्ठ नेताओं के नाम की अटकलें लगाई जा रही थी। किन्तु भाजपा ने नितिन नबीन पर भरोसा जताया जो युवा नेता है। नितिन नबीन चार बार के विधायक हैं और वर्तमान में बिहार की नीतीश कुमार सरकार में लोकनिर्माण मंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी रहे हैं और उनके ही नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा संगठन को मजबूती मिली थी जिसका सुपरिणाम यह निकला कि छत्तीसगढ़ में भाजपा लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने में सफल हुई थी। बिहार विधानसभा चुनाव में भी नितिन नबीन ने मोर्चा संभाला था और संगठन को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसकी वजह से बिहार में भाजपा और एनडीए ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की। नितिन नबीन की सांगठनिक क्षमता को देखकर ही भाजपा ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह भी एक संयोग है कि इसके पूर्व जब नितिन गडकरी को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था तब उनका भी नाम इस पद की दौड़ में नहीं था वे भी महाराष्ट्र सरकार में लोकनिर्माण मंत्री थे। नितिन नबीन भी इस पद की दौड़ में शामिल नहीं थे और वे बिहार में लोकनिर्माण मंत्री हैं। भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर यह भी संदेश दे दिया है कि भाजपा अब दूसरी पीढ़ी को आगे बढ़ाने की कवायद कर रही है। इसके लिए भाजपा ने जातिगत समीकरण को दरकिनार करते हुए योग्यता को महत्व दिया है। नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जिनकी संख्या बिहार में मुश्किल से डेढ़ प्रतिशत ही है। इसके साथ ही भाजपा नेतृत्व ने अपने कार्यकर्ताओं को इस बात का भी संकेत दिया है कि यदि वे पार्टी के प्रति निष्ठावान रहते हैं और ईमानदारी से संगठन का का करते हैं तो उनकी योग्यता और क्षमता के अनुरूप उन्हें पार्टी सम्मानजनक स्थान प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं। जहां अन्य पार्टियों में अध्यक्ष पद किसी राजनीतिक परिवार की बपौती बनकर रह गया है वहीं भाजपा परिवारवाद से दूर रहकर पार्टी के साधारण कार्यकरता को भी उच्च पदों पर आसीन करती है। बहरहाल नितिन नबीन के नेतृत्व की अग्नि परीक्षा बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में होगा। भाजपाई उम्मीद कर रहे हैं कि युवा नेतृत्व भाजपा को इसी तरह चुनाव में सफलता दिलाने में सफल होगा।

प्रधानमंत्री के खिलाफ फिर आपत्तिजनक नारे

कांग्रेस पार्टी ने एसआईआर के खिलाफ हल्ला बोलते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली में बड़ी रैली की जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाजुर्न खड़गे ने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि वोट चोरी करना देश से गद्दारी है और इन गद्दारों को हराना जरूरी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को उछालते हुए चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा और चुनाव आयोग के अधिकारियों को खुली धमकी दी कि जिस दिन भी कांग्रेस सत्ता में आएगी चुनाव आयोग के इन अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा भले ही वे रिटायर हो जाएंगे। कांग्रेस नेताओं के ये आरोप फिर भी स्वाभाविक है लेकिन रैली के दौरान जयपुर कांग्रेस की अध्यक्ष सहित कई कांग्रेसियों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाये उन्होंने मोदी तेरी कब्र खुदेगी आज नहीं तो कल खुदेगी। इस तरह के अपमानजनक नारे लगाकर ये कांग्रेसी खुद अपनी पार्टी की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। इसके पूर्व जब जब कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्द कहे हैं तब तब भाजपा को और बड़ी जीत मिली है। इसका हालिया उदाहरण बिहार विधानसभा के चुनाव परिणाम हैं जहां मोदी को मां की गाली दी गई थी और बिहार में महागठबंधन का सुपड़ा ही साफ हो गया था। इसके बावजूद कांग्रेस ने सबक नहीं लिया।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

- जो कुछ भी बनना है वह आज और अभी बनना है; न अतीत से कुछ बनना है, न भविष्य में कुछ बनना है।
- आज की सारी दुनिया परिणाम देखती है पर कोई बीज नहीं देखता। आपके दुख का एक मात्र कारण है कि आप भी केवल परिणाम देख रहे हो। उन्होंने ऐसे कह दिया ! उन्होंने वैसे कह दिया ! कितना भी सीख दे के देखो अपने सुख और दु:ख के कारण तुम स्वयं हो।
- जब तक कारण को जानोगे नहीं, निवारण कैसे होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)।1991 - कजाखस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1985 - तमिलनाडु के कलपक्कम में पहले फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफब्रीटीआर) की स्थापना। 1971 - भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बाद बंगलादेश पाकिस्तान से पृथक् होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1959 - पश्चिमी पाकिस्तान के लोवाराय दर्रे में भारी बर्फबारी से 48 लोगों की मौत। 1958 - कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में एक गोदाम में लगी भीषण आग में 82 लोगों की मौत। 1951 - हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय की स्थापना की गयी। 1929 - कलकत्ता (अब कोलकाता) विद्युत आपूर्ति निगम ने हुगली नदी के भीतर नहर की खुदाई आरंभ की। 1927 - आस्ट्रेलिया के महान् बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन ने न्यूसाउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट की शुरुआत की। 1889 - ब्रिटिश संसद की अधिकार घोषणा को राजा विलियम तथा रानी मेरी ने स्वीकार कर शासन में जनता के अधिकार को मान्यता दी 1862 - नेपाल ने संविधान को अपनाया।

लोकेश्वर सिंह
डॉ. ओमप्रकाश डहरिया
सहायक जनसंपर्क अधिकारी

युवा, रोजगार और भविष्य की दिशा आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष : संघर्ष, संकल्प और समग्र विकास की स्वर्णिम यात्रा

1 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में उभरा। मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने इस राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में न केवल अपनी पहचान गढ़ी, बल्कि विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के कई नए प्रतिमान भी स्थापित किए। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर, आदिवासी संस्कृति से समृद्ध और कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की यह यात्रा चुनौतियों से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धियों तक पहुँची है।

राज्य गठन और प्रारंभिक चुनौतियाँ

राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ के सामने अनेक समस्याएँ थीं, कमजोर अधोसंरचना, सीमित औद्योगिक आधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की चुनौती। ग्रामीण और आदिवासी बहुल अंचलों में सड़क, बिजली, पानी और प्रशासनिक पहुंच का अभाव स्पष्ट था। ऐसे में शुरुआती वर्षों में सरकार का प्रमुख लक्ष्य मजबूत प्रशासनिक ढांचा खड़ा करना और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रहा। नई राजधानी नवा रायपुर (अटल नगर) की परिकल्पना, जिलों और तहसीलों का पुनर्गठन, पंचायत और नगरीय निकायों को सशक्त बनाना, इन प्रयासों ने विकास की नींव रखी। विकेंद्रीकरण के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया।

कृषि: छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़

छत्तीसगढ़ को ÷धान का कटोरा÷ कहा जाता है और कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। पिछले 25 वर्षों में सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और किसान हितैषी नीतियों ने खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, डिजिटल पंजीकरण और समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा दी। इससे न केवल किसान की आय बढ़ी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली। आज छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था देशभर में एक मॉडल के रूप में देखी जाती है।

आदिवासी विकास और सामाजिक न्याय

छत्तीसगढ़ की आत्मा उसके आदिवासी समाज में बसती है। राज्य गठन के बाद अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए। वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों का वितरण, छात्रावास और छात्रवृत्ति योजनाएं, स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम-इन सबने सामाजिक न्याय को मजबूत किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। लाखों ग्रामीण महिलाएं आज आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं और ग्रामीण विकास की धुरी बन चुकी हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य में परिवर्तन

शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालय स्थापित हुए। नवोदय, एकलव्य और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों तक सुविधाओं का विस्तार हुआ। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

औद्योगिक विकास और अधोसंरचना

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस्पात, बिजली, सीमेंट और एल्युमिनियम उद्योगों ने राज्य की आर्थिक ताकत बढ़ाई। साथ ही एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग और आईटी जैसे नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन मिला। सड़क, रेलवे, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने विकास को गति दी। गांव-गांव तक बिजली और सड़क पहुंचने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को नया आधार मिला।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की रोशनी

नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की सबसे जटिल चुनौतियों में से एक रहा है। लेकिन सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विकास को प्राथमिक हथियार बनाकर सरकार ने बड़ा बदलाव किया। सड़कों, मोबाइल नेटवर्क, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार ने उन क्षेत्रों में भी उम्मीद जगाई, जहां कभी भय का माहौल था। विकास और संवाद ने शांति की राह खोली।

सुशासन, तकनीक और पारदर्शिता

पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने सुशासन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाएं, जनदर्शन और समयबद्ध सेवा गारंटी जैसी पहलों ने प्रशासन को जनता के करीब लाया। पारदर्शिता और जवाबदेही से योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचा।

सांस्कृतिक पहचान और छत्तीसगढ़ी अस्मिता

छत्तीसगढ़ की लोककला, नृत्य, संगीत, तीज-त्योहार और भाषा को राज्य स्तर पर संरक्षण और प्रोत्साहन मिला। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण विकास के साथ-साथ पहचान और गर्व का प्रतीक बना। राज्य ने यह सिद्ध किया कि आधुनिकता और परंपरा साथ-साथ चल सकती हैं।

युवा, रोजगार और भविष्य की दिशा

आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

नाभिकीय ऊर्जा मिशन

अनिल काकोडकर

मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज़्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज़्यादा ज़ोर देना ज़रूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जाएगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज्यादा ज़रूरी हो जाता है। हमें यह मानना ? होगा कि हमारे क्व्ाड्ढ क्रसिस्टम सबसे ज़्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन चक्र को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खासकर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में। जबकि थोरियम को विखंडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए द्रुत प्रजनक विकास को तेज़ करने की ज़रूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी क्व्ाड्ढक्रक्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो क्व्ाड्ढक्रह्य ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज़ करने का एक आसान विकल्प देते हैं।

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 GW बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वाकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष्?य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 त्न्ड्ढ से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि NPCIL, NTPC और BHAVINI के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग

एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए । PHWR प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्?पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए NPCIL को अपने प्रोग्राम को कार्यान्?वित करते समय PHWR प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्?मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्?व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्?त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।

निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा।

निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्?तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज़्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की ज़रूरत बन जाएगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना ज़रूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष्?ट प्रबंधन में काम आएगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज़्यादातर देश इस्तेमाल किए गए नाभिकीय ईंधन के स्?थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाए हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष्?ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण उद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की ज़रूरत है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ लम्हे जब

कुछ लम्हे जब फुरसतिया हुए तुम याद आए, काम से हम जब थक कर चूर हुए तुम याद आए, और याद आया तुम्हारे साथ रातों को, रात रात भर तकना और यूँ ही बेमतलब की बातें करना बेमतलब का हंसना, सुनो बेमतलब कुछ नहीं था यह तब जाना जब उन यादों ने मतलब बताते हुए गीले नयनों को आज हंसाया, अच्छा है तुम्हारा यूँ एक याद बन जाना और मुझे हंसाना। **- शुचि 'भवि'**

क्या यही चेहरा

क्या यही चेहरा यही बदन और बदन पर नूर होगा क्या यही सोचकर कहा है आपने कि रिश्ता अगले जन्म भी जरूर होगा ना ये चेहरा ना ये रूप ना ही ये बदन होगा अगर मिल भी जाएं तो पहचान ही लेंगे क्या आपमें इतना हुनर होगा अजी जाइए हम ना करेंगे वादा जन्म हो ना हो अभी क्या खबर होगा आप ही को है इतनी तलब इश्क की अजी हमपर ना इस बात का असर होगा क्या यही चेहरा.... **- प्रीति श्रीवास्तव**

बीते जा रहे हैं दिन - एक पल के बाद

बीते जा रहे हैं दिन - एक पल के बाद दूसरा पल और दूसरे के बाद तीसरा पल पल में ही बीते जा रहे हैं दिन - और दिन दिन करते बीते जा रहे हैं महीने फिर वर्ष - मन में पल रही है कुंठा , जलन , क्रोध , प्रतिस्पर्धा के भाव - और ऐसे ही लग रहा जीवन का दाव - अनमोल जीवन मिट्टी में लाकर चल देता है मनुष्य छोड़ यहीं का पाया यहीं पर!!! **- सीमा राय**

अपनों से आशा नहीं दूसर से क्या आस

अपनों से आशा नहीं दूसर से क्या आस । राम भरोसे आस रख जो है सबके पास ।। राम संवारत काज है ऊंच नीच नहिं भेद। क्यूं प्राणी करता नहीं निज करनी पर खेद ।। पहले तो गलती करे फिर पीछे पछिताय । काज बिगारे अपनों रामहि दोष लगाय ।। पहले सुमिरन यदि करे सफल होय सब काम। दुख में सुमिरन होत नहि दोष लगावत राम ।। **- अजय मिश्रा अभिज्ञ**

फूलों का क्या दोष , जिन्हें राहों में

फूलों का क्या दोष , जिन्हें राहों में बिखराया जाता है कभी कहो इन पूजनियों से, चार फूल उगाकर देखें लूट का माल है पैरों में पड़ा जो, तुझे तो दिखता होगा घाव नहीं भाव मर गए, मसले फूलों को उठाकर देखें। **-केदारशब्द मसीहा**

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार

जाने किस बात पे फिर से, मैनें एक बार आईना देखा... देखे सच सैकड़ों होते हुए बदन पर शफ़्फ़ाक और देखा कि बिछड़ गया क्या क्या... कोई कह दे ज़रा इक बार तो जाकर उसको वो गया जब से इस आईने ने , न आईना देखा... **- प्रियंवदा अवस्थी**

जग में हरि नाम विचार करे, मुरलीधर

जग में हरि नाम विचार करे, मुरलीधर प्रान पियार बतावत। नयना कजरी बदरी बनिके, अँसुवा भरिके हरि लोहि लगावत। हथवा कँगना गल हार हरी, मथवा बिंदिया हरि नाम सजावत। पग पायल जोहत बाट पिया, घुँघरू स्वर कंत बिना हि डरावत। **- राजकिशोर मिश्र राज**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी। सेहत में छोटे मोटे विकार लगे रहेंगे।

वृष: आज का दिन मिश्रित फल प्रदान करेगा। कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर मनमाना व्यवहार करेंगे इससे आप तो निश्चिन्त रहेंगे।

मिथुन: आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे। मानसिक अंतर्द्वन्द को छोड़ सेहत ठीक रहेगी।

कर्क: आज भी बचते बचते कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा ना चाहकर भी क्रोध आयेगा।

सिंह: आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा लेकिन प्राप्ति में अड़चनें आएंगी। बदन दर्द स्नायु तंत्र में दुर्बलता रहेगी।

कन्या: आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा फिर भी जबरदस्ती करेंगे। व्यवसायी वर्ग अधूरे कार्य पर ज्यादा ध्यान दें आज धन पाने का यही एक साधन है।

तुला: आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा। कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे दिन भर की मेहनत का आंकलन संध्या के समय संतोषजनक रहेगा।

वृश्चिक: आज दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा हानि की सम्भवना के कारण बड़ा कार्य करने से डरेंगे लेकिन दैनिक कार्य थोड़े विलम्ब से पूर्ण हो जाएंगे।

धनु: आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

मकर: आज का दिन आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कुंभ: आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

मीन: आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी कोई भी कार्य एकदम सर पर आने पर ही करेंगे।

QUIZ TIME

1) द ओसान ऑफच्चर्न पुस्तक के लेखक कौन है?

2) पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए रेडइंक पुरस्कार किस प्रेस क्लब द्वारा दिए जाते हैं?

3) टी20 प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी कौन है?

4) भारत में किस जनगणना वर्ष में लिंग अनुपात सबसे अधिक दर्ज किया गया?

5) हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय माउंटेन दिवस कब मनाया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) संजीव सान्याल (2) मुंबई (3) सुनील नारायण (4) 2011 (5) 11 दिसम्बर

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 259

संक्षिप्त खबरें

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बदलाव

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र के पैटर्न में बड़ा बदलाव किया है। माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया, कॉम्पिटिटिव एग्जाम को देखते हुए बहु विकल्पी सवालों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। माशिमं की सचिव पुष्पा साहू ने बताया, ज्ञानात्मक में 20त्न, अवबोधात्मक में 25त्न, अनु प्रयोगात्मक में 25त्न, विश्लेषणात्मक में 10त्न, मूल्यांकन में 10त्न और रचनात्मक में 10त्न अंक रखा गया है। अब वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में 1-1 अंक का 15 प्रश्न रहेगा। लघु उत्तरीय प्रश्नों में दो अंक का तीन प्रश्न रहेगा। लघु उत्तरीय 2 सेक्सन में 3 प्रश्न 18 अंक का रहेगा। उन्होंने बताया कि, दीर्घ उत्तरीय में 4 प्रश्न होगा, जिसमें सभी पर 5 अंक के हिसाब से कुल 20 नंबर का प्रश्न रहेगा। दीर्घ उत्तरीय 2 में 2 प्रश्न 5-5 अंक टोटल 10 अंक का होगा। अति दीर्घ उत्तरीय में एक सवाल 6 नंबर का रहेगा।

रायपुर में जुआ खेलते 4 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम छटेरा में मुनिबाबा जंगल के पास जुआ खेलते हुए 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से ताश की गड्डी और 45,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने की।सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। वहां आरोपी ताश के पत्तों से पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से कामता सिन्हा, कैलाश ठाकुर, मेघनाथ निषाद और चौतराम निषाद को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी आरंग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

जुआ खेलने वालों के खिलाफ थाना आरंग में छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर जिले में जुआ और सट्टा रोकने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

चिरायु योजना से नित्या राजवाड़े को मिला नया जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी नित्या राजवाड़े (उम्र 4 वर्ष 7 माह), जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी। नित्या का नाम आंगनबाड़ी केंद्र पतरापानी-1 में दर्ज है।जन्म से ही नित्या को कमजोरी, जल्दी थकान, सांस लेने में तकलीफ तथा बार-बार सर्दी-खांसी की समस्या रहती थी। चिरायु टीम द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सक द्वारा जांच कर जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच उपरांत जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई, जिसके बाद उच्च संस्थान एम.एम.आई. नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के लिए रेफर किया गया।चिरायु योजना के अंतर्गत नित्या को नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में भर्ती कराया गया। आवश्यक जांचों के पश्चात सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

समर्थन मूल्य से आत्मनिर्भरता तक : किसान हंसराज साहू की मेहनत ने बदली रफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियाँ आज गांवों में खुशहाली और आत्मनिर्भरता की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी धमतरी जिले के ग्राम बोड़रा के किसान श्री हंसराज साहू की है। जिन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि आधुनिक सुविधाओं को भी अपनाया। श्री हंसराज साहू बताते हैं कि उन्होंने पिछले खरीफ सत्र में संबलपुर सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया। धान बिक्री से प्राप्त राशि से उन्होंने एक ई-स्कूटी खरीदी, जो आज उनके लिए सुविधा, समय की बचत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। साँय-साँय दौड़ती ई-स्कूटी से अब उन्हें धमतरी शहर, खेतों, रिश्तेदारों के घर और दैनिक कार्यों के लिए सुगम आवागमन की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल ईंधन खर्च में कमी आई है, बल्कि समय की भी उल्लेखनीय बचत हो रही है।

अब तक 17.24 लाख टोकन से 87 लाख टन धान की हो चुकी खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर राज्य के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य अनवरत रूप से जारी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित 2739 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी सुगमता पूर्वक की जा रही है । धान की खरीदी के लिए 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है । राज्य के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदी के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, सपनों को मिली नई उड़ान

आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माणी श्रमिक श्रीमती चंदा बाई साहू, पति श्री हरिशंकर साहू, निवासी ग्राम सिंधौरीकला, विकासखंड कुरूद, जिला धमतरी के परिवार के लिए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना आशा की किरण बनकर आई है।

श्रीमती चंदा बाई साहू एक निर्माणी श्रमिक (रेजा) के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके पति भी दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण उच्च शिक्षा का सपना अधूरा प्रतीत हो रहा था। इसी बीच श्रम विभाग से संपर्क के दौरान उन्हें निर्माणी श्रमिकों के बच्चों हेतु संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना की जानकारी मिली।

योजना के अंतर्गत उनके पुत्र श्री भूषण साहू, जो कि CIPET कॉलेज, रायपुर में डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (द्वितीय वर्ष) में अध्ययनरत हैं, के लिए आवेदन किया गया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन करने के कुछ ही दिवसों में राशि रूपये 82,496/ सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से हितग्राही के खाते में प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

हितग्राही श्रीमती चंदा बाई साहू ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को पढ़ाने का सपना अधूरा लग रहा था, परंतु योजना से मिली सहायता ने उनके परिवार को संबल दिया। वहीं, पिता श्री हरिशंकर साहू ने कहा कि वे चाहते थे कि उनका बेटा मजदूरी के बजाय शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने। योजना से मिली सहायता से उनका यह सपना साकार हो रहा है।

श्री हरिशंकर साहू ने मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम मंत्री, जिला प्रशासन तथा श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य प्रदान कर रही है।

श्रमिकों के मेधावी बच्चों को पात्रता अनुसार मिल रही सहायता

श्रम पदाधिकारी श्री नंदकिशोर साहू ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत निर्माणी श्रमिकों के मेधावी बच्चों-सामान्य एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरतकृको पात्रता अनुसार सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 467 तथा 2025-26 में 505 बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। आगामी वर्षों में सभी पात्र बच्चों को लाभांवित करने का लक्ष्य निर्धारित है। इच्छुक हितग्राही श्रमेव जयते ऐप अथवा जिला एवं जनपद पंचायतों में स्थापित श्रम संसाधन केंद्रों से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण और पशुधन संवर्धन की मिसाल सेमरा बी के कृषक की प्रेरक पहल

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और पशुधन हित (पशु कल्याण) आपस में जुड़े हैं, जहाँ पशुधन से ग्रीनहाउस गैस (मीथेन), भूमि क्षरण और जल प्रदूषण होता है, वहीं सतत पशुधन प्रबंधन (जैसे बेहतर चारा, एंटीबायोटिक का विवेकपूर्ण उपयोग) इन प्रभावों को कम कर सकता है, साथ ही जैव विविधता और प्राकृतिक आवासों की रक्षा भी कर सकता है, जिससे खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण आजीविका और पर्यावरण संतुलन में मदद मिलती है।

वातावरण में धुएं और विषैली गैसों के उत्सर्जन में आई कमी

पर्यावरण संरक्षण, पशुधन हित और सतत कृषि की दिशा में धमतरी जिले के विकासखण्ड कुरूद के ग्राम सेमरा बी के प्रगतिशील पशुपालक एवं कृषक श्री कीर्तन निषाद द्वारा किया गया कार्य एक उल्लेखनीय शासकीय सफलता की कहानी के रूप में उभरकर सामने आया है। उनकी दूरदर्शी सोच और जागरूक प्रयासों से लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में फैले पैरा (फसल अवशेष) को सुरक्षित रूप से उनके भाठा में एकत्रित किया गया, जिससे पराली जलाने की हानिकारक परंपरा पर प्रभावी रोक लगाई जा सकी। पराली जलाने से जहां वायु प्रदूषण, भूमि की उर्वरता में कमी तथा जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं श्री कीर्तन निषाद की इस पहल ने इन सभी समस्याओं का व्यवहारिक और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत किया है।

पशुओं के पोषण स्तर में सुधार

इस नवाचारी प्रयास का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष पशुधन संवर्धन से जुड़ा है। एकत्रित पैरा से क्षेत्र में पशुओं के लिए पर्याप्त सूखे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हुई, जिससे पशुपालकों को चारे की कमी की समस्या से राहत मिली। इससे न केवल पशुओं के पोषण स्तर में सुधार हुआ, बल्कि दुग्ध उत्पादन और पशुपालन की आय में वृद्धि की संभावनाएं भी सुदृढ़ हुई हैं। यह पहल आत्मनिर्भर पशुपालन और ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

ग्रामीण विकास की दिशा में एक आदर्श मॉडल

श्री कीर्तन निषाद की यह उपलब्धि इस बात का सशक्त उदाहरण है कि शासन की नीतियों, जनजागरूकता और व्यक्तिगत पहल के समन्वय से बड़े सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं। उनकी सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और किसानों-पशुपालकों के हित में की गई यह पहल अन्य कृषकों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। निःसंदेह, ग्राम सेमरा बी की यह पहल पर्यावरण संरक्षण, पशुधन विकास और सतत ग्रामीण विकास की दिशा में एक आदर्श मॉडल है, जिसे अपनाकर अन्य ग्राम भी स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

मैनपाट के करमा रिसॉर्ट में 19 दिसंबर को धूमधाम से लोकनृत्य प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष पर विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 8 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की भव्य श्रृंखला आयोजित कर रहा है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों, रिसॉर्ट्स और पर्यटन बोर्ड के प्रधान कार्यालय रायपुर में रचनात्मक कार्यक्रमों का दौर चल रहा है। इनका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

इसी कड़ी में पर्यटन बोर्ड 19 दिसंबर 2025 को सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित करमा रिसॉर्ट में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 7 हजार रुपये नगद, द्वितीय को 5 हजार रुपये तथा तृतीय को 3 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र भी भेंट किए जाएंगे।

निदान 1100 में सफाई के बाद लोग सबसे ज्यादा शिकायत कर रहे मच्छरों की

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में एक भी वार्ड ऐसा नहीं है जहां के लोग मच्छरों से परेशान नहीं हैं। शाम होते ही लोग मच्छरों से परेशान होने लगते हैं। निगम का दावा है कि सभी वार्डों में हफ्ते में 2 बार फॉगिंग और एक बार एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है।

हकीकत में किसी भी वार्ड में फॉगिंग नहीं की जा रही है। इस वजह से मच्छरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। शहर से मच्छरों को कम करने निगम ने 4 करोड़ की योजना तैयार कर ली, इसके बावजूद शहर के लोग मच्छरों से परेशान हैं।

निगम के हेल्पलाइन निदान 1100 में सफाई के बाद सबसे ज्यादा शिकायतें मच्छरों की ही दर्ज की जा रही हैं। निगम अफसरों के अनुसार मच्छरों पर नियंत्रण के लिए नवंबर 2024 में निगम ने प्राइवेट एजेंसी को ठेका दिया था। एजेंसी को यह ठेका 1.24 करोड़ में मिला। इसमें तीन महीने तक फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव करना था। लेकिन एजेंसी वालों ने इस काम में जबरदस्त लापरवाही बरती। अफसरों ने भी इस काम की मॉनिटरिंग नहीं की। नतीजा तीन माह के बाद कंपनी ने काम खत्म करने का दावा किया। बाद में इसी काम को जोनवाइज दे दिया गया। जोन में यह काम करने के बाद काम और खराब हो गया। अब शहर में फॉगिंग पूरी तरह से बंद है। इस वजह से मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है। लोग बड़ी संख्या में बीमार भी हो रहे हैं।

लोगों ने बताया, हमने तो कभी नहीं देखा फॉगिंग होते

यतियतनलाल वार्ड में रहने वाले शुभम मिश्रा ने बताया कि शाम के समय में मच्छरों का आतंक रहता है। मच्छरों से बचने के लिए दरवाजा बंद कर अगरबत्ती का सहारा लेना पड़ता है। लंबे समय से हमने फॉगिंग और नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव होते नहीं देखा।

महामाया मंदिर वार्ड में रहने वाले पालेश्वर श्रीवास्तव के अनुसार हमारे घर के सामने चार फीट की गली है। जहां कभी फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हुआ। नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। शाम होते ही मोहल्लेवालों को परेशानी होने लगती है। ठाकुरपारा पुरानी बस्ती में रहने वाले आशीष ठाकुर ने कहा कि मच्छरों से पूरा मोहल्ला परेशान है। यहां फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव होते लंबे समय से नहीं देखा है।

ग्रीन आर्मी का पाँचवें दिन भी जारी रहा महाराजबंध सफाई अभियान

आज निरीक्षण हेतु पहुँचे नगर निगम डिप्टी कमिश्नर श्री पाण्डेय और जोन कमिश्नर श्री हितेंद्र यादव

रायपुर/ नवप्रदेश। ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब को बचाने की दिशा में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का सफाई अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम के डायरेक्टर शशिकांत यदु ने बताया कि आज पाँचवें दिन भी सदस्य सुबह 7:30 बजे से गीता नर्सरी क्षेत्र में पहुँचकर सफाई कार्य में जुटे रहे। तालाब के किनारों एवं जलक्षेत्र में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, विसर्जन सामग्री और गाद को हटाकर क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से साफ किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि तालाब को उसकी मूल सुंदरता और स्वच्छता लौटाने का संकल्प है। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु ने कहा कि महाराजबंध तालाब रायपुर की अमूल्य धरोहर है और इसे संरक्षित करना हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह मुहिम तब तक जारी रहेगी जब तक तालाब पूरी तरह स्वच्छ और पुनर्जीवित नहीं हो जाता।

आज नगर निगम डिप्टी कमिश्नर श्री पाण्डेय और जोन कमिश्नर श्री हितेंद्र यादव ने स्थल पर पहुँचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रीन आर्मी के प्रयासों की सराहना की। निगम द्वारा सहयोग स्वरूप आज एक जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई, किंतु प्रतिदिन आवश्यक संसाधन उपलब्ध न होने की वजह से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रीन आर्मी ने स्पष्ट कहा कि नियमित मशीनरी और पर्याप्त जनशक्ति मिलने पर सफाई अभियान की गति दोगुनी हो सकती है। अभियान में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के साथ-साथ महिला शक्ति की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, जो इस मुहिम को और अधिक प्रेरणादायक और सशक्त बना रही है। आज दोपहर 4 बजे ग्रीन आर्मी टीम द्वारा नगर निगम जोन-6 कार्यालय, भांटा गांव (न्यू बस स्टैंड) में ज्ञापन पुनः सौंपा गया, क्योंकि इससे पहले भी तालाब की नियमित सफाई, मशीनरी तथा सफाई कर्मचारियों की कमी को लेकर कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। ग्रीन आर्मी ने पुनः आग्रह किया है कि महाराजबंध तालाब के पूर्ण रूप से स्वच्छ होने तक प्रतिदिन एक जेसीबी मशीन एवं पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएँ।

प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बना सहारा

- अब तक 800 से अधिक बुजुर्गों ने पाई राहत-निःशुल्क जांच, उपचार और दवा से मिल रही नई उम्मीद
- जिला प्रशासन की पहल को बुजुर्गों की भरपूर सराहना

रायपुर/नवप्रदेश। बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र ऐसे संस्थान हैं जो वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विशेष सुविधाएँ प्रदान करते हैं, जिनमें नियमित जाँच , विशेषज्ञ परामर्श , दवा प्रबंधन, फिजियोथेरेपी, और घर-आधारित देखभाल सेवाएँ शामिल हैं, ताकि वे स्वतंत्र और आरामदायक जीवन जी सकें।

यह केंद्र सैकड़ों बुजुर्गों को राहत देने वाला भरोसेमंद स्थान बन चुका है

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के दो साल में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क, ग्रामीणों, महिलाओं, किसानों, युवाओं की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं शुरु की है, जिसका परिणाम बेहद सकारात्मक रहा। इसी कड़ी में कोरिया जिले के जिला अस्पताल परिसर बैकुंठपुर में करीब ढाई माह पूर्व शुरू किया गया प्रदेश का पहला बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र अब वृद्धजनों के लिए सच्चा सहारा बन गया है। उम्र बढ़ने के साथ बढ़ती पीड़ा, चलने-फिरने में कठिनाई, भीड़ में अस्पताल की लाइन में लगना और छोटे-छोटे उपचारों के लिए घंटों इंतज़ार जैसी परेशानियों को देखते हुए इस विशेष केंद्र की स्थापना की गई थी। परिणामस्वरूप, आज यह केंद्र जिले के सैकड़ों बुजुर्गों को राहत देने वाला भरोसेमंद स्थान बन चुका है।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित केंद्र

यह बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल केंद्र अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें ट्राईसाइकिल, बैलेंस बोर्ड, फुट मसाजर, पैरेलल बार, स्टेयर क्लाइंबिंग मशीन, ट्रेडमिल, मसाज चेयर, ट्रैक्शन मशीन और वेक्स बाथ जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। इसके अलावा फिजियोथेरेपी और पंचकर्म जैसी उपचार सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब तक करीब 300 बुजुर्ग पंचकर्म उपचार का लाभ ले चुके हैं। केंद्र के खुलने से बुजुर्गों को अब उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। शांत वातावरण, सहयोगी स्टाफ और समय पर मिल रही सेवाएं उन्हें आत्मविश्वास और राहत दे रही हैं।

बुजुर्गों के अनुभव-मिला सुकून, मिली राहत

77 वर्षीय श्री एस.डी. सिंह ने बताया कि वे एक माह से यहां आ रहे हैं और उपचार से काफी राहत मिली है। वातावरण भी बेहद सहयोगी है, जिससे मानसिक सुकून मिलता है। 71 वर्षीय श्री पी.एस. दावड़े ने कहा कि पैर में जलन की समस्या से परेशान थे। लगभग 10-12 दिन के उपचार से उन्हें काफी फायदा हुआ है।

अब तक 889 बुजुर्ग जांच और उपचार के लिए पहुँच चुके

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में यह केंद्र खोला गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि सुशासन तभी सार्थक होता है, जब उसका लाभ प्रत्यक्ष रूप से जरूरतमंदों तक पहुँचे। यह केंद्र उसी उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इस केंद्र का शुभारंभ 1 अक्टूबर, अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बैकुंठपुर विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े द्वारा किया गया था। अक्टूबर से अब तक 889 बुजुर्ग यहाँ जांच और उपचार के लिए पहुँच चुके हैं, जिनमें 371 महिलाएं और 518 पुरुष शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयावधि में हो - सीईओ

कांकेर / नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निर्माण कार्यों के साथ पंचायतों के कार्या की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत् अन्य प्रगतिरत कार्या एवं महतारी सदन सह सामुदायिक शौचालय के कार्या को समय पर गुणवत्तापूर्णढ़ग से समय सीमा में पूर्ण करने, अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तहसील कार्यालय अंतागढ़ के लिए स्थल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कांकेर श्री विजय कुमार मांडवे को सभी प्रगतिरत कार्या का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। जिले में सभी अप्रारंभ कार्या को तत्काल प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने व मूल्यांकन सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय नाग, भानुप्रतापपुर जी.एल.चुरेन्द्र, दुर्गूकोंदल सुरेन्द्र कुमार बंजारे, कांकेर अश्वनी यादव नरहरपुर बेनु सुखदेवे, अंतागढ सुश्री स्वेता साहू चारामा जी.एस.कवर, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस कांकेर त्रिलोक कुटारे, नरहरपुर नरेन्द्र ठाकुर, चारामा खिलेश साहू, दुर्गूकोंदल देवेन्द्र हटिले, कोयलीबेड़ा सी.एल.स्वर्णकार, अंतागढ सन्दीप रवि, भानुप्रतापपुर रविशंकर सोनी सहित सभी उपअभियंता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने जिले के सुदूर वनांचल में स्थित अंतागढ़ विकाखण्ड के ग्राम भैसासुर में स्थित धान खरीरी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, नमी की जांच, रिकॉर्ड संधारण एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित प्रबंधक को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी एवं सुचारू रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय पर तौल, त्वरित भुगतान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने केंद्र परिसर में साफ-सफाई, छाया, पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया। किसानों ने अब तक की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

महिला से छेड़छाड़ का आरोपी पटौद से गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। पुलिस थाना कांकेर महिला के साथ छेड़डाड़ कर मारपीट करने वाले आरोपी को त्वारित कार्यवाही करते हुएआरोपी भोजराज साहू पिता स्व.प्यारे लाल साहू उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पटौद थाना को गिरफ्तार किया गया है।मामले संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया ने थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 दिसंबर 2025 के शाम 6:30.00 बजे मैं मंदिर पूजा करने गई थी तब गांव के रहने वाले भोजराज साहू के द्वारा मेरी लज्जा भंग करने की नियत से छेड़छाड़ कर मारपीट करने लगा कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांकः-422/2025 धारा-74, 351(3), 126(2), 115(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया उक्त आरोपी भोजराज साहू पिता स्व.प्यारे लाल साहू उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पटौद थाना जिला कांकेर को पुलिस द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुऐ 14 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड लिया गया सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में मप्र आर हितेश्वरी चेलक प्रआर गीतेश्वरी कुलदीप आरक्षक गजेन्द्र नागवंशी एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रही।

बुवाई से पहले थायरम से अधिक बीजोपचार का प्रदर्शन

कांकेर / नवप्रदेश। 14 दिसम्बर 2024 को एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत गेहूं बीज किस्म एचडी 2967 की बुवाई ग्राम भीरावाही के कृषक दुखु राम के यहां कतार विधि से कराया गया।बुवाई से पहले थायरम से अधिक बीजोपचार कराया गया साथ ही ट्राईकोडर्मा विरीदी एवं वाम कल्चर का उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एवं उसके लाभ के बारे में बताया गया । गेहूं फसल में सिंचाई की आवश्यकता समय,एवं लाभ के बारे में बताया गया द्यकतार विधि,उन्नत तकनीक विधि की जानकारीविश्व देव बंजारा विकासखंड तकनीकी प्रबंधक दुर्गकोंडल द्वारा बताया गया।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने किया नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

■ नेशनल लोक अदालत में 01 लाख 53 हजार 296 प्रकरणों का निराकरण

कांकेर / नवप्रदेश। जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न मामलों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण वं आपसी सहमति से 01 लाख 53 हजार 296 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय कांकेर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के माननीय न्यायमूर्ति श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय न्यायमूर्ति जी ने कहा कि कांकेर की इस पुण्य धरा पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। यह एक प्राचीन नगरी है, जिसके विषय में मैंने पूर्व से बहुत सुना है। आज यहाँ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाया। पोर्टफोलियो न्यायमूर्ति के रूप में आज इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में अधिक से अधिक पक्षकार न्यायालयीन विवादों से परे लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान की दिशा में अग्रसर होंगे।

लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए माननीय न्यायमूर्ति श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद जी ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है, जहाँ ऐसे विवादों का समाधान किया जाता है, जिनमें आपसी समझौते की संभावना होती है। न्यायालयीन प्रक्रिया से हटकर, आपसी सहमति और सौहार्द के साथ मामलों का निपटारा करना लोक अदालत का मूल उद्देश्य है। मीडिएशन के पश्चात लोक अदालत विवादों के समाधान की एक प्रभावी व्यवस्था है, जहाँ पक्षकार मिल-जुलकर अपने विवादों का समाधान कर सकते हैं। माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि पारंपरिक न्यायालयों में पक्षकार, अधिवक्ता और न्यायालय के बीच प्रक्रिया चलती है, जबकि लोक अदालत में पक्षकार स्वयं अपने विवाद का समाधान करने का निर्णय लेते हैं। यह केवल समझौता नहीं, बल्कि विश्वास और सहमति का परिणाम होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सदैव यही कोशिश रहती है कि बातचीत के माध्यम से विवाद सुलझें और समझौते में किसी प्रकार की कानूनी बाधा न आए। कानून की व्याख्या न्यायालय में होती रहेगी, किंतु लोक अदालत वह मंच है जहाँ पक्षकार स्वतंत्र रूप से, बिना किसी दबाव के, स्वयं निर्णय ले सकते हैं।

माननीय न्यायमूर्ति जी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे आयोजनों में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक होती है। दैनिक न्यायिक कार्यों के अतिरिक्त जब लोक अदालत अथवा विधिक सेवा से संबंधित कोई भी कार्यक्रम आयोजित होता है, तो उसमें सम्मिलित होना हमारे लिए गौरव का विषय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत जैसे आयोजनों के माध्यम से आम नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायिक अधिकारियों को अनौपचारिक रूप से एक-दूसरे से संवाद करने का अवसर प्राप्त होता है। इससे सद्भावना और विश्वास का वातावरण निर्मित होता है। माननीय न्यायमूर्ति जी द्वारा इस अवसर पर न्यायालय का निरीक्षण कर प्रकरणों के निराकरण की जानकारी भी ली गई। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार विजलेंस छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर से श्री मंसूर अहमद, प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश उत्तर बस्तर कांकेर श्री संजीव कुमार टामक, कुटुम्ब न्यायालय कांकेर के न्यायाधीश श्री रमाशंकर प्रसाद, कलेक्टर कांकेर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, अध्यक्ष बार एसोसिएशन कांकेर श्री धनराज जैन, जिला एवं अतिरिक्त न्यायाधीश श्रीमती विभा पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शांति प्रभु जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी सुश्री सुनिती नेताम, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री बी.एस. ठाकुर एवं श्री टी.पी. देव एवं अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अधिवक्तागण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

नाबालिग का अपरहण कर बलात्कर के आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लाया गया

कांकेर / नवप्रदेश। थाना कोतवाली के अंतर्गत नाबालिग का अपरहण कर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। नाबालिग से बलात्कार करने वाले आरोपी को उत्तर प्रदेश से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार 15सितंबर 2025 को प्रार्थी ने थाना कांकेर में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट थाना कांकेर में अपराध क. 344/2025 धारा 137(2), बीएनएस बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान श्रीमान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के मार्गदर्शन में मामले के संवेदनशीलता को देखते हुये तत्काल थाना कांकेर से टीम गठित कर रिपोर्ट दिनांक से लगातार अपहता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश के दौरान अपहता एवं आरोपी नेमनगर जिला सुरत (गुजरात) से अपहता को राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शरसीखाम पोस्ट शरसीडीह जिला प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) के कब्जे से लाकर थाना कांकेर में उसके परिजन के समक्ष दस्तयाब किया गया है। एवं आरोपी राहुल वर्मा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर धारा 65(1), 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई आरोपी राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शरसीखाम पोस्ट शरसीडीह जिला प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) को 14 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने पर रिमाण्ड तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि भुनेश्वरी भगत, प्रआर जीवधन यादव,आर.पूरन साहू एवं म.आर.गणेशवरी कोडोपी का अहम भूमिका रहा है।

अहिर कोसरिया यादव समाज कि ज़िला स्तरीय बैठक संपन्न

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज कांकेर कि बैठक चारामा यादव भवन में आयोजित कि गई जहा अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव के स्वागत व प्रस्तावना उद्बोधन के साथ बैठक प्रारंभ हुई जिसमें जिला महासचिव दयालु यादव ने बैठक के विषय को रखा जिसमें प्रमुख रूप से युवाओं व महिलाओं को समाज के प्रत्येक गतिविधि में शामिल करना व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजन करने जैसे विषयों पर चर्चा कि गई संगठन को सशक्त व समृद्ध करने समाज मे क्या कर सकते है ऐसे विषयों के साथ चर्चा प्रारंभ कि गई जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि समाज मे आयोजनों से ही समाज में जागरूकता व एकता बढ़ती है समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए समाज में युवाओं को बढ़-चढ़कर समाजिक गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

काँकेर के शीतला तालाब में सफल स्वच्छता अभियान

कांकेर / नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था ÷जन सहयोग÷ तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में आज सुबह शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिर से संलग्न शीतला तालाब पर ज़ोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिस में बहुत बड़ी मात्रा में कचरा निकाल कर महीनों से चली आ रही समस्या का निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि काँकेर का शीतला मंदिर तथा तालाब सैकड़ों वर्ष पुराने हैं ,जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भक्त आकर पूजा अर्चना करते हैं, उन सब के कष्टों पर विचार करते हुए समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी ने अपनी संस्था ÷जन सहयोग÷ तथा अन्य अनेक का सहयोग लेते हुए आज यह सफ़ाई अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण कर दिखाया, जिसमें भाग लेने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं में अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव, प्रवीण गुप्ता, करण नेताम ,अखिलेश साहू ,अजय पांडे, शैलेंद्र देहारी ,अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला संगठन सचिव पूर्व सैनिक टेश्वर जैन ,छगन बलवंत, राकेश, तारिणी, तान्या, अनूप खिलेश्वरी, सरस्वती, आरती, रश्मि ,सरस, मेघा,किरण यामिनी साथ ही शीतला मंदिर के पुजारी पूरन माली, सेवक राम ने भी पवित्र श्रमदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया। आज के इस पवित्र सामाजिक कार्य की प्रशंसा सारे शहर तथा जिले में की जा रही है।

लोक अदालत में ग्रामीण लोगों के लिए जन सहयोग ने स्वल्पाहार का किया प्रबंध

कांकेर / नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने शनिवार 13 दिसंबर को काँकेर ज़िला मुख्यालय के न्यायालय में आयोजित लोक अदालत में अपने- अपने प्रकरणों का अंतिम फैसला कराने आए हुए ग्रामीण मुवक्किलों के लिए दोपहर के स्वल्पाहार का शानदार प्रबंध किया। अक्सर लोक अदालत हेतु जिले के कोने-कोने से ग्रामीण आते हैं, जिन्हें यहां स्वल्पाहार हेतु बहुत अधिक समय तथा धन खर्च करना होता है । इससे राहत दिलाने हेतु ÷जन सहयोग संस्था÷ द्वारा अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के निर्देशन में पक्षकारों के लिए दोपहर के स्वल्पाहार का बढ़िया इंतज़ाम कराया गया था जिसकी प्रशंसा माननीय न्यायमूर्ति एवं आम जनता द्वारा की गई। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने अपना परिचय देते हुए माननीय न्यायमूर्ति जी से जन सहयोग संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न समाज सेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया। अध्यक्ष के अलावा आज के समाज सेवाकार्य में जन सहयोग के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भाई दवे धर्मेंद्र देव भूतपूर्व सैनिक टी के जैन प्रवीण गुप्ता बसंत ठाकुर संजय कुंजाम करण नेताम सरकार ठाकुर शैलेंद्र देहारी, अखिलेश साहू इत्यादि ने भी उत्साह पूर्वक ग्रामीण जनों को स्वल्पाहार परोसने तथा अन्य कार्य समय अनुसार किये, ताकि दूर-दराज़ से आने वालों को कोई तकलीफ़ना हो

कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रामलीला मैदान में वोट चोर गदी छोड़ कार्यक्रम में हुए शामिल

काँकेर / नवप्रदेश। लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी को लेकर आक्रमक हमला भाजपा सरकार पर करते नज़र आ चुके हैं। राहुल गांधी के लगातार वोट चोरी के मुद्दे के बाद देश के अलग-अलग राज्यों में वोट चोरी को लेकर केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का हल्ला बोल दिल्ली के रामलीला मैदान में छत्तीसगढ़ सहित खास आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कांकेर जिले के सैकड़ों आदिवासी कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोटचोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल हुआ पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी जिला नरेश ठाकुर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर पंचायत अध्यक्ष सुना राम जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर युवा कांग्रेस पवन कांगे लोकेंद्र यादव कोमेंद्र यूके सत्यार्थ करायत एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित राय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता कांकेर से दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

पेज 1 का शेष

शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर...

अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन ने सोमवार को पटना के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वो अपने पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। बीजेपी की ऐसे ही परंपरा रही है।

राज्यसभा में चर्चाः चुनाव ...

हुए थे। इन चुनावों के जो बीएलओ थे, उनमें से जितने भी यादव और मुसलमान बीएलओ थे, उनको एक-एक करके हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जानकारी में यह विषय लाया गया। लिस्ट में पहले लोगों का नाम था लेकिन बाद में ये नाम हटा दिए गए। केवल कुंदरकी में गलती से एक मुस्लिम बीएलओ रह गया।

उन्होंने कहा कि पीपुल्स रिप्रजेंटेशन एक्ट के मुताबिक मतदाता को बूथ तक लाना या रिश्वत देना एक अपराध है। यदि यह सिद्ध हो जाता है तो चुनाव रद्द हो जाता है। लेकिन हमने देखा कि ट्रेन में किस तरह से लोग आ रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले जिस तरह से पैसे बांटे गए, अगर टीएन शेषन जैसे चुनाव आयुक्त होते तो चुनाव स्थगित हो जाता या फिर रद्द हो जाता। उन्होंने इसे करप्ट प्रैक्टिस व रिश्वत बताया।

उन्होंने कहा कि सत्ता में 100 साल बने रहिए लेकिन जनता की नजर में सही बने रहिए। पहले जब पोलिंग हो जाती थी तो राजनीतिक दलों को उस गाड़ी का नंबर दिया जाता था जिससे कि मतदान की पेटियां को ले जाया करते थे। चुनाव के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से इन गाडियों के पीछे स्ट्रांग रूम तक जाते थे। स्ट्रांग रूम में ईवीएम या फिर बैलेट पेपर की पेटियां रखी जाती थीं, तो विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि वहां मौजूद होते थे। इसके उपरांत स्ट्रांग रूम सील किया जाता था। अब यह प्रक्रिया प्रैक्टिस में नहीं रही।

उन्होंने आगे कहा, खाली ईवीएम को स्ट्रांग रूम में नहीं रखा जाना चाहिए। यह चुनाव आयोग का निर्देश भी है, लेकिन फिर भी खाली ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी जाती हैं। सरकार भले ही आपकी हो, लेकिन इस देश के लगभग 60 प्रतिशत लोग आपके पक्ष में नहीं हैं। ये सब लोग ईवीएम के खिलाफ हैं। जनमत की इच्छा का मान रखते हुए ईवीएम की बजाए मत पत्रों से चुनाव कराया जाना चाहिए। ईवीएम जैसी मशीन पूरे विश्व में एक-दो पिछड़े देशों को छोड़कर कहीं इस्तेमाल नहीं की जाती है। इसलिए ईवीएम की बजाए बैलेट से चुनाव कराना चाहिए।

मनरेगा स्कीम की जगह लेगा...

की गंभीर स्थिति तक पर घेरा है। केरल से निर्वाचित पार्टी सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर मनरेगा का नाम बदलने संबंधी विधेयक पारित कराते समय सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। सरकार का तर्क है कि यह बदलाव 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत है। मनरेगा का नाम बदलने के निर्णय को लेकर केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की नीयत क्या है? तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। मनरेगा के अलावा कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय- ग्रेप को लेकर सरकार का घेराव किया है।

समय बर्बाद हो रहा है, पैसा बर्बाद हो रहा है...

कांग्रेस सांसद प्रियंका ने कहा, 'महात्मा गांधी को न केवल देश में बल्कि विश्व में सबसे महान नेता माना जाता है; इसलिए उनका नाम हटाने के पीछे का उद्देश्य मेरी समझ से परे है। उनका इरादा क्या है? केरल की वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान समय के सदुपयोग का जिक्र करते हुए कहा, 'जब हम बहस करते हैं, तब भी वह अन्य मुद्दों पर होती है, न कि जनता के वास्तविक मुद्दों पर। समय बर्बाद हो रहा है, पैसा बर्बाद हो रहा है, वे खुद को ही परेशान कर रहे हैं।'

मनरेगा का नाम बदलने पर तृणमूल कांग्रेस ने भी घेरा

ग्रामीण रोजगार के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना- मनरेगा पर एक अन्य विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। तृणमूल के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि सरकार का यह कदम 'महात्मा गांधी का अपमान' है। उन्होंने कहा, 'ये वही लोग हैं जिन्होंने महात्मा गांधी के हत्यारे की पूजा की थी। वे महात्मा गांधी का अपमान करना चाहते हैं और उन्हें इतिहास से मिटा देना चाहते हैं।

वाम दल ने भी किया विरोध

सीपीआईएम महासचिव एमए बेबी ने इसे तथ्य को छिपाने का प्रयास बताया। उन्होंने दावा किया, मनरेगा के पूर्ण पुनर्गठन को लेकर केंद्र सरकार दिखावा कर रही है। तथ्य को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस बुनियादी अधिकार-आधारित ढांचे के तहत मनरेगा की योजना संचालित होती थी, उसे खत्म किया जा रहा है। केंद्र सरकार फंड में भी कटौती कर रही है। जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है। केंद्र अब विपक्षी दलों की सरकारों वाले राज्यों को मिलने वाले फंड में कटौती कर उन्हें दंडित कर सकता है। बेबी ने दावा किया कि इससे 'ग्रामीण संकट और बढ़ जाएगा। हम संसद के अंदर से लेकर बाहर तक सरकार के इस विनाशकारी कदम के खिलाफ जमकर विरोध करेंगे।

न्यूज गैलरी

अर्धवार्षिक परीक्षा में देरी पर हुई कार्रवाई, जिम्मेदारों को नोटिस

एमसीबी/नवप्रदेश। अर्धवार्षिक परीक्षा में लगभग दो घंटे की देरी से विद्यार्थियों को इंतजार कराने की खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्राथमिक शाला घुटरा में 12 दिसंबर 2025 को निर्धारित समय पर परीक्षा प्रारंभ नहीं होने का मामला सामने आया था, जिसे मीडिया द्वारा उजागर किया गया। खबर के आधार पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ द्वारा संबंधित प्रधान पाठक घुटरा अनिल राय एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक अंतिम कुमार राय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में परीक्षा संचालन में लापरवाही, समय पर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करने तथा अनुशासनहीनता के आरोप उल्लेखित हैं। जारी आदेश में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा वेतन आहरण पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

किशन ने 58 मतों के अंतर से हासिल की जीत, बने अध्यक्ष

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सीतापुर में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पद को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहा असमंजस चुनाव के साथ समाप्त हो गया। सर्वसम्मति न बनने के कारण इस बार पहली बार मतदान कराया गया, जबकि इससे पहले अध्यक्ष का चयन आम सहमति से होता रहा है। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी कृष्ण कुमार अग्रवाल उर्फ किशन और अजय अग्रवाल मैदान में थे।कुल 141 मतों वाले इस चुनाव में 135 मत पड़े। मतगणना के बाद किशन अग्रवाल को 96 मत प्राप्त हुए, जबकि अजय अग्रवाल को 38 मत मिले। इस तरह किशन अग्रवाल ने 58 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद हासिल किया।

देह व्यापार में शामिल महिला के पति, सहयोगी सहित तीन गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के आकाशवाणी चौक के समीप एक घर में देह व्यापार के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 10 नवंबर को मुखबीर से यह सूचना मिली थी कि आकाशवाणी चौक के समीप एक घर में अनैतिक देह व्यापार का संचालन हो रहा है। सूचना पर महिला थाना पुलिस ने दबिश देकर एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। मकान से संदिग्ध सामान बारामद किए गए थे। पूछताछ में महिला द्वारा देह व्यापार में शामिला होना स्वीकार करते हुए बताया था कि युवतियों को बुला देह व्यापार कराया जाता है। पुलिस ने मामले में धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि महिला का पति सुनील कुमार प्रमुख सहयोगी है।

शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

न्यूनतम तापमान 12 डिग्री पहुंचा, जिले में तेज ठंड का असर बरकरार

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन शीतलहर के चलते ठंड का असर अब भी बना हुआ है। सुबह के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है, जबकि शाम ढलते ही तेज ठंड का प्रभाव बढ़ जाता है।

शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट के साथ शीतलहर और शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई है। डॉ. अनिल जगत ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। इसके अलावा हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा और अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ-पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि और हृदय रोगियों की समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है।

बच्चों में सर्दी-जुकाम और निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। लोगों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने और मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है। साथ ही सुबह और शाम के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, गर्म भोजन व पेय पदार्थों का सेवन करने, ठंड के मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूम्रपान से दूर रहने की अपील की है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि घर के भीतर हीटर का उपयोग पूरी सावधानी के साथ किया जाए। बंद कमरों में अंगीठी या कोयला जलाने से परहेज करने की चेतावनी दी गई है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने का गंभीर खतरा रहता है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को अतिरिक्त गर्माहट देने की आवश्यकता बताई गई है। कोहरे की स्थिति को देखते हुए सुबह और देर शाम अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। आवश्यक होने पर यात्रा के दौरान वाहन धीमी गति से चलाने, हेडलाइट, फॉग लाइट का उपयोग करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। इसके अलावा खेतों में कार्य करने वाले किसानों को गर्म कपड़े पहनने और समय-समय पर विश्राम करने की सलाह दी गई है। किसी भी आपात स्थिति में अत्यधिक ठंड लगने, सांस लेने में कठिनाई या बेहोशी जैसी समस्या होने पर 108 एम्बुलेंस सेवा या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तत्काल संपर्क करने की सलाह दी गई है।

मंगलवार से तापमान में गिरावट

मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, सोमवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इसके बाद मंगलवार से तापमान में लगभग 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज होने की संभावना है। जिससे न्यूनतम तापमान घटकर 11.8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान लगातार 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना जताई गई है।

पोषण आहार के नाम से बच्चों को रंगीन दाल और नाममात्र की सब्जी

बच्चों को भरपेट मध्यान्ह भोजन नहीं भोजन में निकला कांच का टुकड़ा

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के बम्हनीडीह स्थित स्वामी आत्मानंद में बच्चों के मध्यान्ह भोजन संचालक वैष्णवी स्वा सहायता समुह पर अब गंभीर आरोप लग रहा है पालकों का आरोप है की उनके बच्चों का स्कूल के मध्यान्ह भोजन संचालक भर पेट खाना नहीं देने का गंभीर आरोप लगा रहा है जिसको लेकर अब पालकों मे समुह संचालक के रवैए के प्रति आक्रोश पनप रहा है पालकों का यह भी आरोप है की बच्चो के खाने में कांच के टुकड़े मिल रहे हैं जिसे लेकर भी पालक काफी चिंतित हैं कहीं बच्चों ने खाने में कांच खा लिया तो कहीं बड़ी घटना न हो जाये जिसे लेकर अब पालक यहां बच्चों को मध्यान्ह भोजन करने से भी मना कर रहे हैं जिसे लेकर समुह संचालक को कोई सरोकार नहीं है उन्हें तो केवल बच्चों की उपस्थिति लेकर उनके नाम से अपनी जेब भरने से मतलब है वहीं बच्चो के पोषण को लेकर उनको कोई सरोकार नहीं है जिले लेकर पालक काफी चिंतित हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से जब पुछा गया तो बच्चों ने स्वयं बताया की उन्हें दुबारा खाना मांगने पर खाना नहीं दिया जाता है और उनके साथ दुर्व्यवहार भी समुह की महिलाएं करती है जिसके चलते बच्चों को यहां पर भर पेट खाना तक समुह नहीं दे रही बच्चे दुबारा मांगते हैं तो उनको डराया धमकाया जाता है वहीं बच्चो के खाने की गुणवत्ता की बात कहे तो खाने के नाम पर यहां समुह संचालक कमाई करने में लगा हुआ है और खाने की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं है । बता दें की यहां अगर बच्चों के खाने की गुणवत्ता को लेकर बड़े बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं यहां बच्चों की शासन द्वारा निर्धारित मेन्यू के आधार पर कभी भी खाना नहीं परोसा जाता है यहां बच्चों पर पुरी तरह से समुह संचालक की मनमानी भारी पड़ रही है बच्चों के खाने की गुणवत्ता बेहद खराब है मेन्यू के अनुसार सोमवार को बच्चों को श चांवल सांभर कुम्हड़ा लौकी मुनगा या अन्य हरी सब्जियां सांभर पापड़ और उपलब्धता के आधार पर गुड चना मौसमी फल देना है ताकी बच्चों को खाने में पोषण मिल सके पर यहां तो बच्चों को चांवल कलर वाली दाल और मुली की सब्जी दी जा रही है जिसे मजबूरी मे बच्चों को खाना पड रहा है।

> अगर बच्चों के मध्यान्ह भोजन में कांच निकल रहा है तो यह गंभीर विषय है तत्काल टिम बना कर इसकी जांच कर समुह संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
>
> **अशोक सिन्हा**
> जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा

मां-बेटी पर हमला, बलात्कार के प्रयास में चार आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर क्षेत्र के ग्राम कटकोना में दो महिलाओं मां बेटी से मारपीट करने तथा प्राइवेट पार्ट को दांत से काटने का शर्मनाक मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया फिरोज दास पिता शिवमंगल दास 21 वर्ष साकिन ग्राम कटकोना ने 14 दिसम्बर दिन रविवार को थाना उपस्थित आकर अपने साथ हुये मारपीट एवं मां दिलमनिया के साथ जबरदस्ती बलात्कार करने की कोशिश करते हुये प्राइवेट पार्ट को दांत से काटने जैसे संगीन जुर्म करने का इल्ज़ाम लगाते हुए चार आरोपी 1-लोचन पिता मडवारी 2-मनबोध पिता भलेश 3-बधू पिता टोहिला 4- भलेश पिता मनबोध चारों निवासी ग्राम कटकोना थाना लखनपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 10 दिसम्बर की शाम करीब साढ़े छः बजे चारों आरोपी नशे के हालात में प्रार्थीया घर के पास पहुंच उसके नाना महाजन दास को गाली गलौज करते हुए मारने पीटने की धमकी देने लगे। प्रार्थिया जब अपने नाना की बीच बचाव करने लगी तो चारों ने उसे भी मारने दौड़ाया पिडिता युवती भागते हुए मां दिलमनिया के कमरे में घुस कर अंदर से दरवाजा बंद कर ली। लेकिन लोचन पिता मडवारी लात मार दरवाजा को तोड़कर अंदर घुस गया तथा प्रार्थीया युवती के बाल पकड़ जमीन पर पटक दिया तथा जिस्म के कपड़े फाड़ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा तभी युवती की नानी इन्द्रकुंवर बीच बचाव करने आई तो हैवान ने युवती को धक्के देकर दूर धकेल दिया और अश्लील गालियां बकते हुए बाहर निकल कर अपने अन्य तीनों साथी मनबोध ,भलेश ,बधू को बुलाया और बोला कि इसकी मां बहुत बोलती है कहकर चारों ने मिलकर दिलमनिया को पकड़ लिया भलेश राम ने महिला के साथ वाहशियाना हरकत करते हुए सीने को पकड़ते हुए ब्लाउज को फ़ाड़ दिया इतना ही नहीं दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए महिला के सीना एवं गुप्तांग को दांत से काट लिया। पिडिता युवती ने अपने लिखित रिपोर्ट में जाहिर किया है कि चारों बलात्कार करने के नियत से शराब पीकर आये थे। लेकिन यह बात भी सामने आ रही है कि जमीन समबधी अदावत को लेकर चारों ने घिनौनी हरकत किया है।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह एवं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल एवं दिव्या सिंह सिसोदिया, पार्षद आलोक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक गम्भीर सामाजिक समस्या है। जिसे दूर करने के लिए शासन प्रशासन, समाज प्रमुखों, संस्थाओं सभी को मिलकर काम करना होगा। लोगों में जनजागरूकता के माध्यम से ही हम लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। वहीं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने समाज प्रमुखों को सामूहिक बैठक आयोजित कर लोगों को इस हेतु जागरुक करने कहा। आलोक दुबे ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, बचपन में ही शादी से जीवन संकट ग्रस्त हो जाता है। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत विभागों द्वारा लोगों में बाल विवाह के सम्बन्ध में जागरूकता एवं दुष्परिणाम को बताने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। समाजों को भी मिलकर कार्य करना होगा, लोगों को दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान कर हम बाल विवाह जैसी कुरीति को खत्म कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी जे आर प्रधान ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा 10 मार्च 2024 को अभियान की शुरुआत की गई है, अभियान का लक्ष्य 31 मार्च 2028 तक राज्य को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाना है।

जिले में इस हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, रैलियों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर समाज को बाल विवाह मुक्त समाज की ओर अग्रसर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है, वही बाल अधिकारों का भी हनन होता है। विगत वर्षों में बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रभावी प्रयास किये गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान ईवीएम वेयर हाउस की सील खोलकर कक्ष का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के पश्चात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कक्ष को पुनः सील किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 4543 विद्यार्थी रहे उपस्थित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन पर जवाहर नवोदय विद्यालय सरगुजा के प्राचार्य डॉ. एस.के. सिन्हा ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य डॉ. सिन्हा ने बताया कि परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, अनुशासन एवं निगरानी की समुचित व्यवस्था रही, जिससे परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सकी। उन्होंने परीक्षा में संलग्न सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा ने भी परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और जिले में इसका सफल आयोजन सराहनीय है। जिले में JNVST परीक्षा-2026 का आयोजन कुल 21 परीक्षा केंद्रों में किया गया, जिसमें 7 विकासखंड शामिल रहे। परीक्षा के लिए कुल 5953 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 2712 बालक एवं 3241 बालिकाएँ शामिल थीं। परीक्षा में कुल 4543 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनमें 2010 बालक एवं 2533 बालिकाएँ थीं। वहीं 1410 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमें 702 बालक एवं 708 बालिकाएँ शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. सिन्हा ने परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन ने भी परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की सुव्यवस्थित एवं सफल परीक्षाओं के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दिव्यांगता आकलन व प्रमाण पत्र शिविर आयोजित

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में समावेशी शिक्षा को सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों के लिए दिव्यांगता आकलन एवं प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्री-प्रायमरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के चिन्हांकन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता आकलन के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ द्वारा 12 अगस्त 2025 को प्रेषित पत्र के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शिविर आयोजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। प्रस्ताव के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को नवीन दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने के साथ-साथ पूर्व में जारी प्रमाण-पत्रों के नवीनीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में 16 दिसंबर को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक यह शिविर विकासखण्ड समन्वयक श्रोत केन्द्र (बीआरसी), मनेन्द्रगढ़, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का दिव्यांगता आकलन जिला मेडिकल बोर्ड, जिला एमसीबी द्वारा किया जाएगा, जिसके आधार पर नियमानुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी अथवा नवीनीकरण किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन हेतु समस्त संबंधित अधिकारी, सदस्यगण एवं व्यवस्थापक सहकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी दिव्यांग विद्यार्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य

जिला एमसीबी अंकित नवीन आधार कार्ड की छायाप्रति, एक नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, नवीनीकरण की स्थिति में पूर्व प्रदाय दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की मूल प्रति। यह शिविर दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधाओं, शासकीय योजनाओं एवं उनके अधिकारों का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

भ्रमण | यह अनुभव बच्चों के लिए भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत प्रेरक रहा

विद्यार्थियों के लिए सुखद अनुभूति से भरा रामगढ़ और सैनिक स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मानव जीवन ज्योति दृष्टि बाधित विद्यालय, बतौली के दिव्यांग विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं भ्रमणात्मक यात्रा पर उदयपुर स्थित रामगढ़ पर्यटन केंद्र ले जाया गया। बच्चों को बस के माध्यम से सुरक्षित रूप से भ्रमण कराया गया।

रामगढ़ पहुंचकर विद्यार्थियों को वहां स्थित विभिन्न पर्यटन स्थलों का परिचय कराया गया। भले ही दृष्टि बाधित बच्चे भगवान राम को नेत्रों से नहीं देख सके, लेकिन रामगढ़ की पावन हवा, वृक्षों की सरसराहट, बहते जल की मधुर ध्वनि, शीतल समीर और पक्षियों के मधुर कलरव में उन्होंने भगवान 'राम' की उपस्थिति को आत्मिक रूप से महसूस किया। यह अनुभव बच्चों के लिए भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत प्रेरक रहा। भ्रमण के दौरान बच्चों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों से बच्चों के आत्मविश्वास, आनंद और सामाजिक सहभागिता की वृद्धि होगी। इसके पश्चात विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल अम्बिकापुर का भ्रमण कराया गया। यहां बच्चों को सैन्य अनुशासन, परिसर की जानकारी दी गई तथा टैंक और तोप जैसे सैन्य संसाधनों को स्पर्श कर उनके बारे में बताया गया, जिससे बच्चों में देशभक्ति और साहस की भावना विकसित हुई। समस्त भ्रमण कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से विद्यालय वापस छोड़ा गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण व्ही.के. उके सहित विद्यालय एवं संबंधित कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस मानवीय और संवेदनशील पहल के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर विलास भोसकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों और शोधार्थियों को ट्रेडमार्क कॉपीराइट और पेटेंट की जानकारी दी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। चिरमिरी शासकीय लाहिड़ी पीजी कॉलेज चिरमिरी में शनिवार को बौद्धिक संपदा अधिकार मुद्दे और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के महत्व, उपयोगिता और इससे जुड़ी समकालीन चुनौतियों से अवगत कराना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं के रूप में विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हुए, जिनमें शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के विधि विभाग से सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार और डॉ. माधवेंद्र तिवारी, साथ ही केंद्रीय विश्वविद्यालय टिहरी उत्तराखंड से डॉ. सुधीर चतुर्वेदी शामिल रहे। वक्ताओं ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और भौगोलिक संकेतक (जीआई) के विषय में जानकारी दी। इसके अलावा, वर्तमान डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा से जुड़ी कानूनी चुनौतियों व नवाचारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने अमलीडीह खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सेवा सहकारी समिति अमलीडीह के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर धान उपार्जन की व्यवस्थाओं, भंडारण क्षमता, गुणवत्ता मानकों एवं किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र परिसर में जमीन पर रखे गए धान स्टॉक को देखकर पर्याप्त डनेज (प्लेटफॉर्म) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि धान की गुणवत्ता प्रभावित न हो। उन्होंने मानक स्टैक तैयार करने, पूर्ण स्टैकों को विधिवत ढककर सुरक्षित रखने तथा वर्षा एवं नमी से बचाव की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए समिति प्रबंधन को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि धान उपार्जन केंद्र की बफर लिमिट 7200 क्विंटल निर्धारित है, जबकि अब तक 17,414.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र डीओ कटाकर धान का उठाव कराने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी केंद्र पर अनावश्यक दबाव न बने और आगामी खरीदी सुचारु रूप से जारी रह सके। कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों के हित में निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे किसान जिन्होंने समिति में धान विक्रय कर दिया है, लेकिन टोकन में दर्शित शेष मात्रा उनके पास उत्पादन कम होने के कारण उपलब्ध नहीं है, वे नियमानुसार रकबा समर्पण की प्रक्रिया अवश्य पूर्ण कराएं। इससे खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहेगी और अनावश्यक तकनीकी समस्याओं से बचा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को खरीदी कार्य में सतत निगरानी रखने, किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप धान उपार्जन कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की जांच हेतु समिति गठित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बीएस उइके ने आदिम जाति कल्याण विभाग जिला गरियाबंद में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में विभिन्न निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया एवं भौतिक तथा वित्तीय स्थिति की जांच करने के लिए समिति गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर होंगे तथा सदस्य के रूप में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग मैनपुर के अनुविभागीय अधिकारी जिला पंचायत के लेखाधिकारी होंगे। उक्त जांच समिति निर्माण कार्यों की स्वीकृत विभिन्न कार्य के निविदा प्रक्रिया तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

नरेंद्र सोनी को मनोविज्ञान विषय मे मिली डाक्टरेट की उपाधि

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के अधिवक्ता नरेंद्र सोनी को भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के कला और मानविकी संकाय के अंतर्गत मनोविज्ञान विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। जिले में मनोविज्ञान विषय पर पहली पीएचडी है, जो आत्महत्या की समस्या का सामाजिक मनोवैज्ञानिक और विधिक अध्ययन पर आधारित है। उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने सोनी को यह डिग्री प्रदान की। शोध में सोनी ने आत्महत्या के सामाजिक-मनोवैज्ञानिक कारणों, रोकथाम के उपायों तथा कानूनी प्रावधानों का विस्तृत विश्लेषण किया, जो समाज में बढ़ती इस समस्या को संबोधित करने में सहायक सिद्ध होगा।

साहू समाज के लोगों से मारपीट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

■ प्रतिनिधिमंडल ने गुरुर टीआई से की मुलाकात,

गुरुर/नवप्रदेश। साहू समाज के व्यक्तियों के साथ हुई मारपीट, लूटपाट एवं अमानवीय कृत्य की गंभीर घटना को लेकर साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुर थाना प्रभारी टीआई सुनील तिर्की से मुलाकात कर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र साहू, पूर्व प्रदेश महामंत्री हलधर साहू गुरुर तहसील साहु संघ अध्यक्ष मिथलेश साहु तहसील साहू संघ गुरुर के कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू एवं दुलार साहु उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से मामले की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की।

निर्दोषों को परेशान न किया जाए– समाज की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जांच के दौरान किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न किया जाए तथा दोषियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण न मिले। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह घटना केवल मारपीट तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाला गंभीर अपराध है।

प्रदेश अध्यक्ष से टीआई की मोबाइल पर बातचीत

घटना की गंभीरता को देखते हुए साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द साहू से गुरुर थाना प्रभारी की मोबाइल पर बातचीत कराई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर टीआई सुनील तिर्की ने दो दिन के भीतर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। साहू समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय–सीमा में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो साहू समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी

जान से मारने का प्रयास व लूटपाट का आरोप

साहू समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ितों के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि गुप्तांग काटने की धमकी देते हुए जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान पीड़ितों से ?25,000 नकद राशि एवं मोबाइल फोन की लूट की गई, साथ ही अत्यंत अपमानजनक एवं अमानवीय व्यवहार किया गया, जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

समाज में आक्रोश, न्याय की मांग

घटना के बाद साहू समाज सहित क्षेत्रवासियों में भारी रोष देखा जा रहा है। समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अमानवीय कृत्य में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सीमेंट प्लांट विरोध

सांसद सहित जनप्रतिनिधियों के पास पहुँच किसान सौंपेगें परियोजना को बंद कराने पत्र

■ गांव गांव मे बैठक कर दे रहे प्लांट से होने वाले नुकसान की जानकारी और बना रहे रणनीति

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के विचारपूर पंडरिया मे सीमेंट प्लांट और चूना पत्थन खनन के खिलाफ जारी क्षेत्र के किसानो का विरोध जनसुनवाई स्थगित होने के बाद भी लगातार बढ़ रहा है । जनसुनवाई स्थगित होने के बाद क्षेत्र के किसान नई रणनीति बनाने मे जूटे है इसके लिए खनन और परियोजना से प्रभावित होने वाले गांवो मे लगातार बैठको का दौर जारी है । परियोजना को पूरी तरह बंद कराने मे जुटे किसान उच्च न्यायालय मे याचिका की तैयारी करने के बाद अब क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को घर पहुँच कर सीमेंट प्लांट परियोजना बंद करने पत्र सौंपेगें । विचारपूर, पंडरिया सहित प्रभावित इलाके के किसानो ने बताया कि सीमेट परियोजना के विरोध मे क्षेत्र के सांसद विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को सीमेंट परियोजना बंद कराए जाने का पत्र सौंप खनन और परियोजना पूरी तरह बंद कराने की मांग करेंगें । किसान इस दौरान जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र मे उपजाऊ क्षेत्र की स्थिति, किसानो के परिवारो का व्योरा और

दुष्परिणामों को सामनें रखा जा रहा है

सीमेंट प्लांट के विरोध और परियोजना को बंद कराने क्षेत्र के हर गांव मे लगातार बैठको का दौर जारी है । विरोध की रणनीति लगातार तैयार की जा रही है । जनप्रतिनिधियों को पत्र सौंपने, उच्च न्यायालय मे याचिका लगाने सहित गांव गांव मे सीमेंट प्लांट से होने वाले दुष्परिणामों को सामनें रखा जा रहा है । इसको लेकर क्षेत्र मे व्यापक जनसमर्थन भी मिल रहा है । आज भी प्रभावित क्षेत्र के रेमड़वा, जगमड़वा, हनईबन और मरदकठेरा मे बैठक कर किसानो और उनके परिवारो को इसकी जानकारी दी जाएगी । किसान श्रवण जंघेल ने बताया कि परियोजना के पूरी तरह बंद होने तक किसानो और इलाके के ग्रामीणो का संघर्ष जारी रहेगा ।

उच्चन्यायालय मे याचिका लगाने तैयार किए दस्तावेज

सीमेंट प्लांट और चूना पत्थर खनन से प्रभावित होने वाले गांव, इलाको के किसानो ने उच्च न्यायालय मे याचिका लगाने दस्तावेजी तैयारी पूरी कर ली है । किसान श्रवण जंघेल ने बताया कि आंदोलन कारी किसानो द्वारा क्षेत्र के शिक्षणसंस्थानो, पंचायतों, जनपद, खनन क्षेत्र मे शामिल पंचायतों सहित 19 पंचायतों से ग्राम सभा प्रस्ताव, पर्यावरणीय प्रभाव के तकनीकी दस्तावेज इकटठा किए है जिसे न्यायालय मे प्रस्तुत कर जनहित याचिका लगाकर परियोजना को पूरी तरह बंद करने की मांग की जाएगी । सीमेंट परियोजना और खनन को लेकर प्रभावित और आसपास के गांवो की महिलाएं और युवा सबसे ज्यादा आक्रोशित है । महिलाओं और युवाओ ने कहा कि सीमेंट प्लांट के लिए जमीन देने के बाद उनके पास परिवार चलाने कुछ नही बचेगा ।

समर्थन मूल्य से समृद्धि तक : किसान हंसराज साहू की प्रेरक सफलता कथा

■ ई-स्कूटी खरीदी चल रही साँय-साँय

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियाँ आज ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की मजबूत मिसाल बन रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरक सफ्लता की कहानी है ग्राम बोड़रा के मेहनती किसान श्री हंसराज साहू की, जिन्होंने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय की पारदर्शी व्यवस्था का लाभ उठाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की, बल्कि आधुनिक जीवनशैली की ओर भी सार्थक कदम बढ़ाया।

श्री हंसराज साहू बताते हैं कि पिछले खरीफ सत्र में उन्होंने संबलपुर सहकारी समिति (सोसायटी) में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया था। धान विक्रय के पश्चात प्राप्त राशि से उन्होंने एक ई-स्कूटी खरीदी। यह ई-स्कूटी उनके लिए केवल एक वाहन नहीं, बल्कि समय, सुविधा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। चल रही साँय-साँय द्य इसके माध्यम से उन्हें धमतरी शहर, रिश्तेदारों के घर, खेतों तथा कृषि एवं पारिवारिक कार्यों के सिलसिले में आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। ई-स्कूटी के उपयोग से ईंधन खर्च में कमी आई है और समय की भी उल्लेखनीय बचत हो रही है, जिससे वे अपने कार्यों को अधिक कुशलता से कर पा रहे हैं।

श्री साहू के पास कुल 2 एकड़ 25 डिस्मिल कृषि भूमि है, जिसमें वे पारंपरिक अनुभव और आधुनिक कृषि समझ के साथ धान की खेती करते हैं। इस वर्ष उन्होंने समर्थन मूल्य पर कुल 46 क्विंटल 40 किलोग्राम धान का विक्रय किया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि समय पर भुगतान और स्पष्ट प्रक्रिया से किसानों को अपनी भविष्य की योजनाओं को साकार करने में मदद मिल रही है। श्री साहू ने बताया कि इस वर्ष धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपने पुत्र के विवाह जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक कार्य में करेंगे, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना : सपनों को मिली नई उड़ान

■ आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माणी श्रमिक श्रीमती चंदा बाई साहू, पति श्री हरिशंकर साहू, निवासी ग्राम सिंधौरीकला, विकासखंड कुरूद, जिला धमतरी के परिवार के लिए मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना आशा की किरण बनकर आई है। श्रीमती चंदा बाई साहू एक निर्माणी श्रमिक (रेजा) के रूप में कार्य करती हैं तथा उनके पति भी दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सीमित आय के कारण उच्च शिक्षा का सपना अधूरा प्रतीत हो रहा था। इसी बीच श्रम विभाग से संपर्क के दौरान उन्हें निर्माणी श्रमिकों के बच्चों हेतु संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना की जानकारी मिली।

योजना के अंतर्गत उनके पुत्र श्री भूषण साहू, जो कि ब्च्म्ज् कॉलेज, रायपुर में डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (द्वितीय वर्ष) में अध्ययनरत हैं, के लिए आवेदन किया गया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाईन आवेदन करने के कुछ ही दिवसों में राशि रूपये 82,496/ सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से हितग्राही के खाते में प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से भूषण साहू की उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

हितग्राही श्रीमती चंदा बाई साहू ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण बच्चों को पढ़ाने का सपना अधूरा लग रहा था, परंतु योजना से मिली सहायता ने उनके परिवार को संबल दिया। वहीं, पिता श्री हरिशंकर साहू ने कहा कि वे चाहते थे कि उनका बेटा मजदूरी के बजाय शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने। योजना से मिली सहायता से उनका यह सपना साकार हो रहा है।

जिले में पल्स पोलियो अभियान : 21 दिसम्बर को 0-5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

जिले में कुल 772 पोलियो बूथों के माध्यम से 1 लाख 10 हजार 553 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफ्ल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार, प्रशिक्षु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा पैरामेडिकल विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई गई है।

पोलियो की दवा की समय पर उपलब्धता और कार्य की प्रभावी निगरानी के लिए सभी पोलियो बूथों को सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक सेक्टर के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सभी विकासखण्डों को जोन में विभाजित कर जिला स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी इलाकों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी पोलियो बूथ बनाए गए हैं। वहीं खदानों, ईंट-भट्ठों, छात्रावासों, मदरसों एवं छूटे हुए क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। प्रथम दिवस 21 दिसम्बर को बूथों पर दवा पिलाने के पश्चात 22 एवं 23 दिसम्बर को सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। अभियान के दौरान जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जो 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे। कंट्रोल रूम में प्रत्येक दो घंटे में प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। अभियान के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु सभी मैदानी अमलों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे 21 दिसम्बर को अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर लाकर दवा अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके। साथ ही 22 एवं 23 दिसम्बर को घर-घर भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग कर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है।

ई केवाईसी नहीं कराने वाले हितग्राहियो के राशनकार्ड ब्लाक

राशन दुकानों मे नही मिल रहा राशन

खैरागढ़/नवप्रदेश। राशन दुकानों से राशन लेने वाले राशनकार्ड धारियो द्वारा राशनकार्ड की ई केवाईसी नही कराए जाने से शहर सहित इलाके के कई राशनकार्डधारियो को दिसंबर माह मे राशन नही मिल पा रहा है । खादय विभाग द्वारा पिछले माह भर से राशनकार्ड की ईकेवाईसी कराए जाने की सूचना दिए जाने के बाद ईकेवाईसी कार्य जारी था । लेकिन शहर के वार्डो मे लगभग एक हजार से अधिक राशनकार्डधारियो ने समय पर राशनकार्ड की ईकेवाईसी नही कराई । दस दिसंबर के बाद से ऐसे बिना ईकेवाईसी वाले राशनकार्ड से राशन लेने राशनदुकान पहुँच रहे राशनकार्डधारियो को राशन नही मिल पा रहा है । राशन दुकान और स्थानीय खादय विभाग के पास भी अब इसकी लगातार शिकायतें मिल रही है ।

दुकान पहुँच रहे तो मिल रही जानकारी

दो माह से जारी ईकेवाईसी मे शामिल नही हो पाए राशनकार्डधारी राशन लेने दुकान पहुँच रहे है तो उनका राशनकार्ड ब्लाक होने की जानकारी सामने आ रही है ऐसे मे इन राशनकार्डधारियो को मिलने वाला राशन नही मिल पा रहा है । राशनदुकान संचालक हितग्राहियों को ईकेवाईसी कराने की सूचना देकर वापस भेज रहे है । इसके चलते दिसंबर माह मे शहर के लगभग हर वार्ड मे ऐसी स्थिति बन गई है कि हर वार्ड मे 50 से 60 हितग्राहियो के राशनकार्ड पूरी तरह ब्लाक हो गए है ।जिन्हे बिना राशन के वापस भेजा जा रहा है । कूछ हितग्राहियों को 35 किलो की जगह दस किलो ही राशन मिल पा रहा है । इन राशनकार्डधारियो को अब ईकेवाईसी कराए जाने पर ही पूरा राशन उपलब्ध हो पाएगा।

आधार अपडेट के साथ होगा ईकेवाईसी

समय पर राशनकार्ड की ईकेवाईसी नही कराने वाले राशनकार्ड हितग्राहियों को अब अपना आधार कार्ड लोक सेवा केन्द्र से अपडेट कराना होना । आधार अपडेट होने के बाद ही राशनदुकानों मे पहुँचकर राशनकार्ड की ईकेवाईसी पूरी हो सकेगी । विभागीय अधिकारियो ने बताया कि ईकेवाईसी की प्रक्रिया राजधानी स्तर से ही संचालित हो रही है ऐसे मे बिना ईकेवाईसी के राशनकार्ड हितग्राहियो को राशन उपलब्ध नही हो पाएगा । ईकेवाईसी होते ही हितग्राहियो को पूर्व की भांति राशन मिल सकेगा ।

राशनकार्ड का ईकेवाईसी नही होने के कारण कूछ हितग्राहियो के राशनकार्ड ब्लाक हो गए है । ईकेवाईसी कराए जाने के बाद राशन मिल सकेगा । इसके लिए समय पर ईकेवाईसी कराया जाना आवश्यक है

विनोद सागर, खादय निरीक्षक खैरागढ़

गरियाबंद में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

■ 70 हजार से अधिक प्रकरणों का त्वरित निराकरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर श्री बलराम प्रसाद वर्मा के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद सहित जिले के समस्त सिविल न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों तथा राजिम एवं देवभोग न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का सफ्ल आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत विभिन्न खण्डपीठों का गठन कर न्यायालयीन लंबित प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के माध्यम से त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया गया। गरियाबंद की न्यायालयों में गठित खण्डपीठों द्वारा बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा करते हुए लाखों रुपये की राशि के एवार्ड पारित किए गए। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी व्यापक स्तर पर मामलों का समाधान किया गया।आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 70 हजार 363 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 93 लाख 59 हजार 426 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया। यह आयोजन आम नागरिकों को शीघ्र, सुलभ एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

न्यूज गैलरी

छात्र जय साहू का चयन नेशनल ओपन टेनिस बाल प्रतियोगिता में

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र जय साहू का चयन नेशनल ओपन टेनिस बाल प्रतियोगिता दिल्ली के लिए हुआ है जय शुरू से ही प्रतिभा वान छात्र रहे है क्रिकेट के साथ साथ बैडमिंटन में भी अपना लोहा मनवा चुके है साथ ही पढाई में भी वे कक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करते है। उनकी सफलता के लिए स्कूल के आचार्य परिवार एवं विवेकानंद बाल कल्याण समिति ने उन्हे बहुत बहुत बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री के सेतगंगा आगमन को लेकर प्रशासन मुस्तैद

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आगामी 18 दिसम्बर को जिले के सेतगंगा धाम में बाबा गुरूघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे, इसके बाद जय स्तम्भ की पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के सेतगंगा प्रवास को लेकर जिला प्रशासन व सतनाम मानव कल्याण समिति जोर-शोर से अपनी तैयारियों में जुट गये है। वही जिले के कलेक्टर कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, विधायक पून्नूलाल मोहले ने तैयारियों का निरीक्षण के साथ ही खामियो को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधायक पून्नूलाल मोहले ने कहा कि मुंगेली जिले का सेतगंगा धाम श्रध्दालुओ के लिए आस्था का केन्द्र बिन्दू है। सेतगंगा धाम में 13 फरवरी 1995 से बाबा गुरूघासीदास जयंती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि इस वर्ष जयंती पर लगभग 20 हजार से अधिक श्रध्दालुओ के शामिल होने की संभावना है, जिनके लिये तैयारी की जा रही है। एसडीएम अजय शतरंज, सीईओ जनपद पंचायत एलके कौशिक, नायब तहसीलदार दिलीप कुमार खाण्डे, हरीश यादव, जिला अंकेक्षण कमलेश मिश्रा, थाना फास्टरपुर गिरिजा शंकर यादव सहित सभी पदाधिकारीगण बडी संख्या में उपस्थित रहें।

निधन नीरा देवी दिवाकर

मुंगेली/नवप्रदेश। नीरा देवी दिवाकर पति गोफेलाल दिवाकर उम्र 65 का 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे असामयिक निधन हो गया। वे डॉ. भीमराव अम्बेडकर संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर की मां थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खूंटा में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीजन एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

टीनएजर्स के लिए आँखों की देखभाल: डिजिटल उपकरणों के दौर में दृष्टि बचाना अब है ज़रूरत

डिजिटल दुनिया में सक्रिय रहने आँखों को स्वस्थ रखना महत्वपूर्ण: डॉ. देवेश खाण्डेकर

मुंगेली/नवप्रदेश। टीनएजर के लिए आंखों की देखभाल अपनी दृष्टि की शक्ति के संदर्भ में डिजीटल उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए आंखों की देखभाल अब एक विकल्प नहीं, बल्कि एक जरूरत है। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. देवेश खाण्डेकर ने कहा कि टीनएजर्स अपनी आंखों को स्वस्थ, सुरक्षित और उनकी दृष्टि की शक्ति को आने वाले वर्षों तक कुछ सावधानियों को ध्यान में रखकर हमेशा बरकरार रख सकते हैं।

टीनएज में हैं कैरियर- जिला अस्पताल के आई विभाग के प्रमुख डॉ. देवेश खाण्डेकर ने बताया कि डिजिटल दुनिया में सक्रिय और आपकी आंखें इस सब का प्रवेश द्वार हैं। उन्हें स्वस्थ रखना उतना ही जरूरी है जितना कि अपने फोन को चार्ज रखना। डिजिटल उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए, आंखों की देखभाल अब एक विकल्प नहीं, बल्कि एक जरूरत है। हर 20 मिनट बाद, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें। यह आँखों की फोकस करने वाली मांसपेशियों को आराम देता है।

जागरूकता अपनाएं- आंखों के संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता पहली प्राथमिकता है। स्क्रीन देखते समय हम सामान्य से 60 प्रतिशत कम पलकें झपकाते हैं, जिससे आँखें सूख जाती हैं। हर ब्रेक में जानबूझकर 10 बार पलकें झपकाएं ताकि आंखों में नमी बनी रहे। स्क्रीन की ब्राइटनेस को कमरे की रोशनी के साथ संतुलित रखें। इसे ऑटो-ब्राइटनेस मोड़ पर सेट करना सबसे अच्छा है। भविष्य की दृष्टि का कवच प्राकृतिक धूप में समय बिताना मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) के बढ़ते खतरे को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। कोशिश करें कि पढ़ाई या स्क्रीन के अलावा रोजाना कम से कम 60 मिनट बाहरी गतिविधियों में बिताएं। इससे आपकी आंखें रिलैक्स होती हैं और उन्हें प्राकृतिक रोशनी मिलती है। आंखों के लिए सुपरफूड्स आपकी डाइट सीधे तौर पर आपकी आंखों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। कुछ पोषक तत्व मैक्यूलर (रेटिना का केंद्र) को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक हैं। नये आँखों के विटामिन रेटिना को नीली रोशनी से बचाने वाले फिल्टर की तरह काम करते हैं। इसके लिए पालक, केल और अंडे खाएं। लगातार सिरदर्द, आंखों में लाली, बहुत ज्यादा पानी आना, या अचानक धुंधला दिखनाकृये सब चेतावनी के संकेत हैं जिन पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

ओमेगा-3 फैटी एसिड- ये आंखों के सूखेपन को कम करने और रेटिना के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। अखरोट, चिया सीड्स, अलसी के बीज और फैटी फिश (जैसे सैल्मन) का सेवन करें। विटामिन सी और ई ये एंटीऑक्सीडेंट आंखों को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाते हैं। खट्टे फल (संतरा, नींबू), स्ट्रॉबेरी, गाजर और बादाम अपनी डाइट में शामिल करें।

कॉन्टैक्ट लेंस- लापरवाही न करें, लेंस पहनने वाले टीनएजर्स को सख्त सफाई नियमों का पालन करना चाहिए। लेंस को गंदे हाथों से छूना, या लेंस पहनकर सोना, गंभीर आई इन्फेक्शन (जैसे कॉर्नियल अल्सर) का कारण बन सकता है, जिससे स्थायी दृष्टि हानि हो सकती है।

नियमित जांच और सुरक्षा- नियमित नेत्र जांच केवल नंबर बदलने के लिए नहीं होती, बल्कि यह आंखों की गंभीर बीमारियों का पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका है। किसी भी छात्र को प्रोजेक्ट वर्क/होम वर्क डिजिटल माध्यम से न दियें जाएं। ऐसे में किसी भी किशोर को कम उम्र में ही मोबाइल चलाने की लत लग सकती है।

ग्राम बोदा में सामाजिक सद्भाव, समरसता उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन आयोजित

हिंदू सम्मेलन में एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र निर्माण पर हुआ मंथन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बोदा में सामाजिक सद्भाव, समरसता, ग्राम विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के महती उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोना, जातीय भेदभाव को समाप्त करना, सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यापक जन-जागरूकता लाना रहा।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता नरेश अग्रवाल ने प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने सामर्थ्य अनुसार योगदान देना होगा। चाहे वह गिलहरी जैसा छोटा ही क्यों न हो। उन्होंने छोटे से छोटे योगदान के महत्व को प्रतिपादित किया। भागवताचार्य संत गया प्रसाद व्यास रासधारी ने वैदिक मंत्रों के उदाहरणों का सार प्रस्तुत करते हुए भारत को पुनः श्रेष्ठ एवं आदर्श राष्ट्र बनाने के लिए समाज और व्यक्ति के जीवन में उच्च मानकों को अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। मनोहर यादव ने स्वागत भाषण में सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। आकाश परिहार ने हिंदुत्व को धार्मिक संकीर्णता से ऊपर उठाकर राष्ट्रीयता एवं भारतीयता के भाव के रूप में समझाया और संत गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश के माध्यम से समाज की अटूट एकता पर जोर दिया। जनपद सदस्य लालाराम साहू ने श्री रामचरित मानस के उद्धरणों का प्रयोग करते हुए समरसता का प्रभावी संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य रजनी माणिक सोनवानी ने ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्व-बोध एवं परिवार प्रबोधन के पांच कर्तव्यों के निर्वहन पर विशेष बल दिया। मानिक सोनवानी एवं संजय सिंह परिहार ने भी रामचरित मानस के उद्धरणों और अपने विचारों के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ किया। सम्मेलन की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। संस्कार विद्यापीठ के बच्चों ने सामाजिक समरसता गीत पर एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। बहरपुर की सतनाम फूल पंथी पार्टी द्वारा ओजपूर्ण पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। रात्रि में होल्हा पारा पार्टी द्वारा रंगारंग भजन एवं पंथी नृत्य तथा श्रीराम कीर्तन सिपाही पार्टी और परसवारा पार्टी द्वारा श्रीराम कीर्तन एवं मातारानी जसगीत की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में गांव के सभी लोंगो के द्वारा भारत माता की आरती के साथ आभार व्यक्त करते हुई कार्यक्रम का समापन किया। आयोजन को सफल बनाने में कलेश्वर साहू, हीरा कश्यप, कन्हैया बैस, हजारी साहू, फागू धृतलहरे, मुकेश साहू, देवेंद्र उपाध्याय, भवानी साहू, रामपूजन सिंह, शिवशरण सिंह, गोविंद बंजारे, विनय दुबे, चंद्रकुमार साहू, रामा साहू, शिवकुमार उपाध्याय, ओमप्रकाश साहू, टोपीलाल साहू, देवेंद्र परिहार, वीरभद्र परिहार, रोहित सागर, सुकलाल साहू, परमेश्वर उपाध्याय, मणिराम बंजारे, भरत बंजारे, धर्मेंद्र धृतलहरे आदित्य दुबे सहित अनेक समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

वनग्राम बिसौनी में धरती आबा बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना

मुंगेली/नवप्रदेश। वनग्राम बिसौनी में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा की वीरता और संघर्ष को नमन करते हुए उनकी मूर्ति स्थापना का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रयास अ स्मॉल स्टेप फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित प्रयास वनवासी पाठशाला, वनग्राम बिसौनी में कल सुबह 10 बजे संपन्न होगा।

धरती आबा बिरसा मुंडा ने अन्याय, शोषण और गुलामी के खिलाफ संघर्ष कर वनवासी समाज को आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए जागरूक किया। जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए उनका त्याग आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी वीरता और विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह मूर्ति स्थापना की जा रही है।

वनवासी शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही प्रयास अ स्मॉल स्टेप फाउंडेशन का यह प्रयास वनांचल क्षेत्र में जननायकों की विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। संस्था द्वारा संचालित प्रयास वनवासी पाठशाला शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर वनवासी समाज, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने समस्त नागरिकों से इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

जय जोहार कार्यक्रम के तहत मुंगेली पहुंचे राहुल टिकरिहा

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद राहुल टिकरिहा का सभी जिलों में जय जोहार कार्यक्रम अंतर्गत भेंट मुलाकात के लिए सभी जिलों का दौरा कार्यक्रम चल रहा है। इसी सन्दर्भ में प्रदेश अध्यक्ष का जिले में आगमन हुआ। नगर पहुंचने पर जिला महामंत्री अमितेश आर्य के नेतृत्व में लाईफलाईन अस्पताल के पास आतिशी स्वागत कर मोटर सायकल रैली के रूप में नगर प्रवेश कराया गया। मंडी के पास राकेश साहू, सौरभ बाजपेयी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। तत्पश्चात महाराणा प्रताप चौक पड़ाव में अनुराग सिंह, धनराज सिंह के नेतृत्व में के नेतृत्व में मंच बनाकर फुलों एवं गजमाला से स्वागत किया गया। जहां से खुली जीप में प्रदेश अध्यक्ष को बैठाकर जिला भाजपा कार्यालय तक लाया। जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। उसके पश्चात स्वागत भाषण जिला महामंत्री अमितेश आर्य ने दिया। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा तरुणाई भाजपा का आधार स्तम्भ है। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता है भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता के कार्यो का अवलोकन करती है और कब किसको कहां कौन से दायित्व में पहुंचा दे, यह पार्टी स्वयं आंकलन करती है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मन लगाकर पार्टी के कार्यो को करना चाहिए। युवाओं का जोश, कर्मठता और समर्पण पार्टी को मजबूती प्रदान करती है। जिला महामंत्री अमितेश आर्य, सौरभ बाजपेई, अनुराग सिंह, धनराज परिहार द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राकेश साहू ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन यश गुप्ता ने किया। युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी द्वारा क्रमवार प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश शुक्ला, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक, वरिष्ठ नेता द्वारिका जायसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, शिवकुमार बंजारा, लोकनाथ सिंह, जिला रामशरण यादव, वीनू पांडे, अशोक निर्मलकर, महेंद्र गुप्ता, देवेंद्र केशरवानी, कोटू दादवानी, महावीर सिंह, युवा मोर्चा के सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष उनके पदाधिकारी तथा भाजपा मंडल के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं नेतागण उपस्थित रहे।

'तुहंर टोकन' ऐप से किसानों को बड़ी राहत

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में धान उपार्जन केन्द्रों की पारदर्शी एवं डिजिटल व्यवस्था से किसानों को धान विक्रय में अभूतपूर्व सुविधा मिल रही है। शासन द्वारा अपनाई गई नई तकनीकी के चलते अब किसान घर बैठे मोबाइल फोन से 'तुहंर टोकन' ऐप के माध्यम से टोकन काटकर निर्धारित तिथि पर उपार्जन केन्द्र पहुंच रहे हैं, जिससे समय, श्रम और संसाधनों की बचत हो रही है।

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202512140100005/अ-21/2025-26
ग्राम कांकेर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक येशवर्य कुमार गंगबेर पिता हेमेन्द्र कुमार गंगबेर निवासी ग्राम सोरर बालोद द्वारा ग्राम कांकेर स्थित आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित भूमि 2/45 रकबा 0.0081 हे को पैसो की आवश्यकता होने से अनावेदक आकाश चन्द्रोल पिता विजय सिंह चन्द्रोल निवासी मांझापारा कांकेर को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 29.12.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, कांकेर

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202511140100020/अ-21/2024-25
ग्राम माटवाडामोदी

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका पोलामी पति राहुल मुखर्जी वगैरह निवासी ग्राम संरगपाल द्वारा ग्राम माटवाडामोदी आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित भूमि 15000/5 रकबा 0.0116 हे को पैसो की आवश्यकता होने से अनावेदक रूपनारायण बन्छोर पिता जयंत बन्छोर निवासी अलबेलापारा कांकेर को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 20.12.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, कांकेर

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202512140100004/अ-21/2025-26
ग्राम कांकेर

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक टुकेश्वर देवांगन पिता मनसुखराम निवासी श्रीराम नगर कांकेर द्वारा ग्राम कांकेर स्थित आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित भूमि 16/23 रकबा 0.016 हे को पैसो की आवश्यकता होने से अनावेदक दिलीप कुमार नाग पिता शत्रुघन निवासी जवाहर वार्ड कांकेर को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 29.12.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, कांकेर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक- 8, मोहबा बाजार रायपुर

क्रमांक 44/न.पा.नि./जोन क्र.-08/2025 — रायपुर दिनांक 15/12/25

EXPRESSION OF INTEREST
Notice Inviting Tender (NIT)

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq. feet Box Cricket Stadium at Chandanidih Near Chota Puliya Ward-70 under the annual license fees model for 5 Years. The Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs. 5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from The Municipal Corporation Zone No-8 Mohbabazar Raipur The last date for Submission id [09/01/2026] For more information, Visit our Website [http://nagarnigamraipur.nic.in/]. Zone Commissioner Zone No-8 Raipur Municipal Corporation.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Zone Commissioner
Zone No-8
Raipur Municipal Corporation

जमीन विवाद में हुई हत्या के तीन आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, रिमांड पर भेजे गए

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम नेवासपुर में जमीन विवाद को लेकर हुए एक हिंसक विवाद में एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली मुंगेली में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ख्रहृस्) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें मृतक की पहचान जनक सोनकर के रूप में हुई है।सूचक प्रफुल सोनकर (21 वर्ष), निवासी परमहंस वार्ड मुंगेली, ने 11 दिसंबर को सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 11 दिसंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे, उन्हें फोन पर पता चला कि नेवासपुर स्थित उनके खेत की धान फसल को झम्मन सप्रे और उसके परिवार के लोग काट रहे हैं।सूचना मिलते ही सूचक प्रफुल सोनकर अपने भाई अजीत सोनकर, निखिल सोनकर, मां पूर्णिमा सोनकर और दादा जनक सोनकर (मृतक) के साथ खेत पहुंचे। जब उन्होंने झम्मन सप्रे और उसके साथियों को फसल काटने से मना किया, तो आरोपी झम्मन सप्रे, विमल सप्रे, दूजराम सप्रे और द्वारिका सप्रे एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडा और लोहे के रॉड से परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिए।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU&PC, CSPGCL
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/1352 — Raipur, date: 11.12.2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

Sl. No.	Tender Specification No.	Description	NIT value i/c GST (Rs.)	EMD (Rs.)	Completion period (incl. Rainy season)	Rfx No.
1	CEC/AU&PC /HTPS-KW/ W/2025/91	Urgent cleaning of excessively filled toe drain of starter dyke Pond -02 at ash dyke Dindolbhata 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West	6.05 Lacs	6,100/-	02 Months	8100047882
2	CEC/AU&PC /HTPS-KW/ W/2025/92	Repairing of raincuts and profile correction of starter dyke of ash dyke Dindolbhata 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West.	18,93,400/-	19,000/-	02 Months	8100047880

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 02.01.2026 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 05.01.2026 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal. Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii)Maintenance period for the work shall be Nil for Sl. No. 1 and 12 months for Sl No. 2.

SAVE ELECTRICITY — S-46240/3

Chief Engineer (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 12.12.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.12.2025 तक है।

क्र.	एन.आई.टी. क्र. / निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
01.	NIT No. 16 Tender No.181640	उपसंभाग कोरबा के अंतर्गत स्थित पुल/पुलियों के विशेष मरम्मत कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	रू. 49.36 लाख
02.	NIT No. 17 Tender No.181641	उपसंभाग जांजगीर के अंतर्गत स्थित पुल/पुलियों के विशेष मरम्मत कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	रू. 49.62 लाख
03.	NIT No. 18 Tender No.181693	उपसंभाग क्र. 01 बिलासपुर के अंतर्गत स्थित पुल/पुलियों के विशेष मरम्मत कार्य।(द्वितीय आमंत्रण)	रू. 49.93 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेशिटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)**

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

जी- 252605476/4

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़

छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा दे रहा है भाजपा की सरकार: धरमलाल

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने कहा- महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी को कम करना, शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना विजन 2047 का उद्देश्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन में शीतकालीन सत्र के पहले दिन. वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत विजन डॉक्यूमेंट 2047 को लेकर चर्चा हुई। इस विषय पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं साय सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ था उस समय छत्तीसगढ़ का बजट केवल 6 हजार करोड़ जिसमें लगातार वृद्धि हुई है जिस तरह से छत्तीसगढ़वासियों की उम्मीदें को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल से लेकर साय सरकार कार्यकाल तक पूरा करते आ रही है वह छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा दे रहा है।

श्री कौशिक ने कहा कि इस विजन 2047' का उद्देश्य महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी को कम करना, शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना और कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की विकास दर को बढ़ाना है। आज हमारे छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था के स्तर में वृद्धि, उद्योगों में किस तरह टेक्निकल चीजों को विकसित करना है, सिंचाई व्यवस्था में विकास आदि चीजों पर कार्य कर कमीयों को दूर करना है इन सभी चीजों को इस प्रस्ताव में रखा गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उचित शिक्षा देकर देश के विकास पर भागीदारी बनाना है क्योंकि भारत युवा आबादी वाला देश है और आने वाले वर्षों में यही ताकत देश को आगे ले जाएग। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ राज्य जो चारों तरह से पार्वतों से घिरा हुआ है जिसमे मैनपाट जिसे छत्तीसगढ़ के कश्मीर के रूप में जाना जाता है, चित्रकूट में नियाग्रा जैसे जलप्रपात, कुटुम्बशर की गुफाएं आदि पर्यटन स्थलों के नाम से जाना जाता है। जिसे देश के गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्त्व में नक्सलवाद खत्म कर एक वृहद पर्यटक स्थल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने वाले 22 वर्षों में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर बनाएगी और इस विजन 2047 से निश्चित रूप से हमारा छत्तीसगढ़ एक प्रभावशाली एवं आर्थिक सक्षमता वाला राज्य बनके उभरेगा।

छत्तीसगढ़ में इंफ्रास्ट्रचर, एजुकेशन हब, धान खरीदी कर रही भाजपा

श्री कौशिक ने कहा कि आज हमारे छत्तीसगढ़ में इंफ्रास्ट्रचर, एजुकेशन हब, किसानों के लिए धान खरीदी, सिंचाई व्यवस्था, बिजली उत्पादन इन तमाम विषयों पर कार्य भाजपा सरकार करते आयी है। उन्होंने कहा अभी अमृत वर्ष का काल चल रहा है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव देश भर में मनाया गया और इसी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री कि दूरदर्शी सोच ने विजन 2047 के तहत भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। आने वाले 22 वर्षो में छत्तीसगढ़ को किस तरह विकास कि राह पर ले जाना है इन तमाम विषयों को लेकर आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा एक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है जिसमें गुड गवर्नेस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

■ न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्प्लॉईज एसो. के अमित प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एम्प्लॉईज एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर हुए चुनाव में अमित पाण्डेय को निर्विरोध रूप से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि अमित पाण्डेय वर्तमान में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद पर अकलतरा में पदस्थ हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई। वहीं बिलासपुर के नोडल अधिकारी अरुण सिंघल को एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कर्मचारियों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

कोरबा के युवक ने दुकानदारों को थमाया था फर्जी चेक

20 लाख की ठगी के आरोपी की व्यापारियों ने की जमकर पिटाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में 20 लाख रुपए की ठगी के आरोपी की व्यापारियों ने जमकर पिटाई कर दी। कोरबा के इस जालसाज ने खुद को बिल्डर बताकर 10 से ज्यादा व्यापारियों से ठगी की। उसने नकली चेक देकर लाखों का सामान खरीदा। शिकायत पर जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो व्यापारियों ने उसे पकड़कर पीटा।

व्यापारियों ने जालसाज की पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। व्यापारियों के हंगामा करने के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। कथित बिल्डर की पिटाई का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है। दरअसल कोरबा के रहने वाले उज्ज्वल विश्वास ने खुद को बिल्डर बताया। उसकी पहचान जरहाभाटा में दीपक एंटरप्राइजेज के संचालक विशाल पमनानी से हुई। 2 अगस्त को उज्ज्वल ग्राहक बनकर विशाल पमनानी की दुकान पर गया। इस दौरान उसने 89 हजार 400 का बिजली का सामान खरीदा। उसने ऑनलाइन पेमेंट करने का वादा करके उसे धोखा दिया। जब पेमेंट फेल हो गया, तो उसने उसे ॥छस्रस्नष्ट बैंक का चेक दिया। विशाल ने जब चेक बैंक में लगाया, तो खाते में रकम न होने के कारण वह बाउंस हो गया। इसके बाद विशाल पमनानी ने अन्य दुकानदारों से पता किया। उन्होंने बताया कि उज्जवल ने सिर्फ उनसे ही नहीं, बल्कि शहर के कई नामी दुकान संचालकों को भी ठगी की है। कथित बिल्डर से परेशान होकर व्यापारियों ने पुलिस से भी शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने आपसी लेनदेन का मामला बताकर कोई कार्रवाई नहीं की। व्यापारियों ने इसे ठगी का मामला बताया, फिर भी पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं सुनी। इससे परेशान व्यापारी कथित बिल्डर की तलाश करते रहे। दो दिन पहले व्यापारियों को कथित बिल्डर उज्जवल विश्वास व्यापार विहार में दिखा। इसके बाद व्यापारियों ने उज्ज्वल विश्वास को पकड़ लिया, फिर सभी व्यापारियों ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई की। पकड़कर तारबाहर थाना लेकर गए। तारबाहर पुलिस ने पहले एफआईआर दर्ज करने की बात कही, फिर सिविल लाइन थाना भेज दिया। बाद में सिविल लाइन पुलिस ने केस दर्ज किया।

इन व्यापारियों से की लाखों की ठगी

कथित बिल्डर उज्ज्वल विश्वास ने 20 लाख रुपए से ज्यादा का सामान खरीदा, जिसमें सांवरिया इलेक्ट्रिकल्स से 1.26 लाख रुपए, मित्तल सेल्स मोपका से 3.07 लाख रुपए, साई इलेक्ट्रिकल्स से 1.34 लाख रुपए और दीप टिम्बर एंड हार्डवेयर से 9.60 लाख रुपए शामिल हैं। इसके अलावा आरोपी ने कोरबा में भी व्यापारियों के साथ इसी तरह धोखाधड़ी की है। अब इस मामले में कोरबा के व्यापारी भी उसके खिलाफ शिकायत करने की तैयारी में हैं। कई दुकानदारों को उज्ज्वल विश्वास ने झांसे में लेकर ठगी की है।

जीजीयू में छात्र की मौत, एनएसयूआई नेता ने विधायक देवेंद्र से की मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरूघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी (जीजीयू) परिसर में छात्र अर्सलान अंसारी की संदिग्ध मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विवेकानंद हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे अर्सलान की लाश यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में 23 अक्टूबर को मिली थी। इस घटना को लेकर परिजन जहां हत्या की आशंका जता रहे हैं, वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी कई बिंदुओं पर संदेह व्यक्त किया गया है। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक हत्या की धारा नहीं लगाई है। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन मृत्यु की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए हॉस्टल वार्डन और सुरक्षा अधिकारी के पद का उल्लेख करते हुए केस दर्ज किया है, लेकिन जांच की रफ्तार धीमी होने से परिजन और छात्र संगठन नाराज हैं। इसी कड़ी में शनिवार को एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने भिलाई विधायक देवेंद्र

यादव से मुलाकात की और उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। एनएसयूआई नेताओं ने विधायक को बताया कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन की लापरवाही और पुलिस की सुस्त जांच के कारण छात्र अर्सलान को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच, हत्या की धारा जोड़ने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधायक देवेंद्र यादव ने छात्र नेताओं को भरोसा दिलाया कि अर्सलान की मौत का मामला गंभीर है और इसे विधानसभा में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

सरकारी दफ्तरों में तीन दिनों तक रहेगा कामकाज बंद

■ कर्मचारियों का मांगों को लेकर हड़ताल 29 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेशभर के शासकीय कर्मचारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। हड़ताल की तैयारियों के तहत छत्तीसगढ़ संचालनालयीन शासकीय कर्मचारी संघ की ओर से 13 दिसंबर को इंद्रावती भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई और पदाधिकारियों की अलग-अलग टीमें गठित की गईं। ये टीमें प्रदेश के विभिन्न विभागों और कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों को आंदोलन के उद्देश्य और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देंगी। केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों और पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) लागू किया जाए। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी

कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए। लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए तथा पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए और नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन व समयबद्ध पदोन्नति मिले। अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण किया जाए। प्रदेश में कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदीकरण की सीमा 300 दिवस की जाए। दैनिक, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। सभी विभागों में समानता लाते हुए कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की जाए। कर्मचारी संगठनों ने सरकार से अपील की है कि हड़ताल से पहले ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर कर्मचारियों को राहत दी जाए, ताकि आंदोलन की स्थिति न बने।

स्वरोजगार स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत बिलासपुर में राज्य शासन के द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना हेतु बैंको के माध्यम से ऋण राशि प्रदान किया जाता है। इस योजनान्तर्गत विनिर्माण क्षेत्र हेतु अधिकतम ऋण राशि 3 लाख एवं सेवा क्षेत्र के लिए ऋण राशि 1 लाख तक का ऋण राशि बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर थाना रतनपुर की कमान संभालते ही थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय ने यह साफ कर दिया कि अब अपराधियों के लिए रतनपुर सुरक्षित नहीं रहा। नाबालिग बालिका से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर थाना प्रभारी ने अपने पहले ही एक्शन से अपराधियों में खलबली मचा दी है। 8 नवंबर 2025 को दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपी आशीफ खान पिता फरीद खान, उम्र 21 वर्ष, निवासी पड़ावपारा कोटा पिछले दो वर्षों से

नाबालिग पीड़िता का पीछा कर उसे प्रेमजाल में फंसा रहा था। आरोपी ने पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी होने के बावजूद बेरहमी से कई बार जबरदस्ती शारीरिक शोषण किया। अपराध दर्ज होते ही आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया, लेकिन थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम गठित कर सखूत निर्देश दिए – आरोपी चाहे जहां छुपा हो, उसे पकड़ना ही है। पुलिस टीम ने दिन-रात मेहनत कर मोबाइल लोकेशन ट्रैक करते हुए आरोपी को धर दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। यह कार्यवाही न केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी है, बल्कि यह संदेश भी है कि नाबालिगों से अपराध करने वालों के लिए रतनपुर में अब कोई रहम नहीं इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक मेलाराम कठौतिया, प्र.आर. बलदेव सिंह, आरक्षक राजेन्द्र साहू एवं महिला आरक्षक स्वाती बंजारे की अहम भूमिका रही।

'ग्रामीण अंचल की संस्कृति और परंपरा को जानने का प्रयास है शिविर'

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा कला मंच एक नाम है जो सीधा आमजनों से सरोकार रखती है। ग्रामीण अंचल का जीवन, संस्कृति और परंपरा को नजदीक से जानने का सीधा प्रयास है ग्रामीण शिविर। हम शहर में रहकर कितना भी कह लें कि ग्रामीण जीवन में ही देश की आत्मा बसती है परंतु यह सत्य है कि जब तक आप ग्राम्य जीवन को करीब से ना देख लें सच्चाई को नहीं जान पाएंगे। यही विचारों को केंद्र में रखकर प्रतिवर्ष बिलासा कला मंच द्वारा एक दिवसीय वार्षिक समारोह ग्रामीण शिविर के रूप में दूरस्थ के ग्रामों में किया जाता है। इस वर्ष 37 वें वर्ष पर मंच के सदस्य डॉ प्रदीप निरनेजक के गांव परसदा (बिल्हा) जो कि अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विख्यात है

बिलासा कला मंच का 37 वां ग्रामीण शिविर परसदा में आयोजित

किया गया। ग्राम परसदा पहुंचने पर मंच के सदस्यों का ग्रामीण जनों द्वारा पुष्प वर्षा कर कीर्तन भजन के साथ स्वागत किया गया। वहीं भजन मंडली द्वारा बिलासा कला मंच के सदस्यों के साथ ग्राम भ्रमण किया गया। भ्रमण पश्चात ग्राम के मंच पर प्रसिद्ध रासलीला धारी डॉ उग्रसेन कनौजे ने अपने साथियों के साथ रासलीला की संगीतमय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बिलासा कला मंच द्वारा ग्राम के वरिष्ठ जनों, कलाकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह और गमछे से किया गया। तत्पश्चात काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित कवियो सर्वश्री सतीश पांडे, मनोहरदास मानिकपुरी, शत्रुघ्न जैसवानी, राजेंद्र मौर्य, केवलकृष्ण पाठक, भरत मस्तुरिया, केदार दुबे, रश्मि गुप्ता, आरती राय, डा सोमनाथ मुखर्जी, डा. प्रदीप निर्णेजक, भरत मस्तूरीहा आदि ने कवियों ने प्रतिनिधि रचना का सस्वर पाठ कर ग्रामवासियों को रसाबोर किया।

उपलब्धि | भारत के पहले डीवी कपूर फाउंडेशन एनर्जी इनोवेशन अवॉर्ड्स के दौरान ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए दिए गए पुरस्कार

एनटीपीसी नेत्रा और सीएसआईआर वैज्ञानिक को तकनीकी इनोवेशन्स के लिए मिले पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत में ऊर्जा की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने और दीर्घकालिक स्थायित्व के लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने में बेहतरीन तकनीकी नवाचारों को सम्मानित करने के लिए, डीवी कपूर फाउंडेशन ने 12 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित स्कोप कॉम्प्लेक्स में पहले डीवी कपूर फाउंडेशन एनर्जी इनोवेशन अवॉर्ड्स का आयोजन किया।

भारत सरकार में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ सुरेश प्रभु, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चेयरमैन, डीवी कपूर फाउन्डेशन; पद्म विभूषण, डॉ अनिल काकोड़कर, पूर्व चेयरमैन, एटॉमिक एनर्जी कमिशन और ग्रैंड जूरी के चेयरमैन; डॉ डीवी कपूर, फाउन्डेशन के संस्थापक और एनटीपीसी लिमिटेड के फाउंडर चेयरमैन आरवी शाही, पूर्व सचिव (एमओपी) एवं ट्रस्टी सदस्य, डीवी कपूर फाउन्डेशन एवं ग्रैंड जूरी के सदस्य; डॉ अजय माथुर, पूर्व महानिदेशक, इंटरनेशनल सोलर अलायन्स; तथा डॉ रंगन बैनर्जी, डायरेक्टर (आईआईटी-दिल्ली), एनटीपीसी के वरिष्ठ लीडर्स और ऊर्जा सेक्टर के लीडर

भी मौजूद रहे। पुरस्कार दो श्रेणियों में दिए गए: 38 वर्ष से कम उम्र के युवा इनोवेटर्स को कैटेगरी 1 में सम्मानित किया गया। वहीं कैटेगरी 2 में व्यक्तियों एवं संगठनों को तकनीकी इनोवेशन्स के लिए पुरस्कार दिए गए। डॉ. अचु चंद्रन, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर-एनआईआईएसटी को 'नैनो इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर' के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए कैटेगरी 1 में एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। एनटीपीसी की आर एंड डी विंग, नेत्रा को 'ग्रीन यूज़ ऑफ़ कोल टेक्नोलॉजीज़' के क्षेत्र में आधुनिक अनुसंधान के लिए कैटेगरी 2 में पुरस्कार मिला। श्री शश्वतम, ईडी (नेत्रा) ने अपनी टीम के साथ यह पुरस्कार प्राप्त किया, जिसमें एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 10 लाख रुपये का नकद इनाम शामिल था। डीवी कपूर फाउंडेशन ऊर्जा सेक्टर में तकनीकी इनोवेशन को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान, विकास एवं ऐसे स्वदेशी समाधानों को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भारत के स्वच्छ ऊर्जा रूपांतरण को मज़बूत बनाते हैं। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तकरीबन 18 फीसदी आबादी को सेवाएं प्रदान करती है तथा 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। विकास एवं ऊर्जा के उपयोग के बीच सीधा संबंध बताते हुए उन्होंने कहा कि देश का ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स (एचडीआई) ऊर्जा की खपत के साथ बेहद करीब से जुड़ा है। भारत का औसत एचडीआई 0.67 है, जबकि विकसित देशों में यह लगभग 0.9 है।

ऊर्जा इनोवेशन में बदलते प्रतिमानों पर जोर

डॉ. सुरेश प्रभु ने ऊर्जा इनोवेशन में बदलते प्रतिमानों पर ज़ोर दिया और एनटीपीसी में संस्थापक चेयरमैन के तौर पर डॉ. डी.वी. कपूर की प्रेरणादायक भूमिका और डीवीकेएफ के तहत पुरस्कारों की शुरूआत की सराहना की। डॉ. अनिल काकोडकर ने पुरस्कार के लिए चुनाव प्रक्रिया की सख्ती पर रोशनी डाली और ज़ोर दिया कि वरिष्ठ लीडर को युवाओं को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करना होता है ताकि वे देश को विकास के पथ पर अग्रसर कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। पुरस्कार समारोह में ऊर्जा जगत के विशेषज्ञ एवं गणमान्य दिग्गज भी शामिल हुए।

अमरनाथ यात्रा मार्ग समेत कश्मीर के कई क्षेत्रों में बर्फबारी

48 घंटों में हल्की बर्फबारी की ज्यादा संभावना

मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को सोनमर्ग और जोजिला सहित ऊंचाई वाले इलाकों में और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में हल्की बर्फबारी की सबसे ज्यादा संभावना सोनमर्ग-जोजिला-द्रास अक्ष के साथ-साथ बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के ऊंचे इलाकों में है।

श्रीनगर। कश्मीर में शुष्क ठंड का दौर खत्म होते ही मौसम ने करवट ली है। गांदरबल जिले में अमरनाथ यात्रा मार्ग के बालटाल और बांदीपोरा की ऊंचे पहाड़ों समेत कई क्षेत्रों में शनिवार की रात से रविवार को सुबह तक हुई बर्फबारी ने न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री तक का उछाल ला दिया दिया है। इससे घाटी के अधिकांश हिस्सों में पारा शून्य के पार पहुंच गया। कश्मीर में एक माह से पारा लगातार गिर रहा था। अब शनिवार रात हुई बर्फबारी ने घाटी को कड़ाके की ठंड से राहत दी है। सिर्फपुलवामा माइनस 2.7 डिग्री के साथ अब भी सबसे ठंडा क्षेत्र बना हुआ है। सिंथन टॉप, मरगन टॉप और अफरवाट पहाड़ियों पर भी बहुत हल्की बर्फबारी हो सकती है। ऊपरी इलाकों में इन अलग-अलग जगहों पर बर्फबारी को छोड़कर पूरे क्षेत्र में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है। हालांकि, एक सप्ताह तक बारिश की संभावना नहीं है। रविवार को सुबह के शुरुआती घंटों में श्रीनगर और घाटी के अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे की चादर छा गई। रविवार को श्रीनगर में अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य ये 4.9 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। पहलगाम में अधिकतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 10.3 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 6.5 डिग्री अधिक था। गुलमर्ग में अधिकतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है, वहीं न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक है। लेह में न्यूनतम माइनस 5.0 डिग्री, कारगिल में माइनस 4.6 डिग्री और नुबरा वैली में माइनस 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीजेपी ने ममता की तुलना हिटलर से की

बंगाल में एसआईआर को लेकर जारी है बयानबाजी

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी कोई नई बात नहीं। इन दिनों राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर भी भाजपा और टीएमसी के बीच रस्साकशी जारी है। इससे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बाद कि वे एसआईआर के लिए फॉर्म नहीं भरेंगी, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ममता बनर्जी जनता को भ्रमित कर रही हैं, जबकि सच यह है कि उन्होंने 11 दिसंबर 2025 को अपना पूरा भरा और हस्ताक्षरित फॉर्म चुनाव अधिकारियों को सौंप दिया।

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में गर्माहट तेज है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी अपने चरम पर है। इसी बीच पश्चिम बंगाल भाजपा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने राज्यभर की राजनीति में एक नए सियासी तूफान को जन्म दे दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा कटाक्ष करते हुए उनकी तुलना जर्मनी के शासक एडोल्फ हिटलर से की। साथ ही ममता बनर्जी को बंगाल का तानाशाह बताते हुए लिखा 'तानाशाह तिलमिला गया है'। बता दें कि ये पूरा मामला तब का है, जब भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर साझा की। उस तस्वीर में मोर्फिंग के जरिए जर्मनी के शासक हिटलर और ममता बनर्जी की तस्वीर को एक साथ दिखाया गया। फोटो के ऊपर लिखा 'दोनों एक जैसे हैं'। कृष्णनगर की रैली में यह कहने के कुछ घंटों बाद ही उन्होंने अपना फॉर्म जमा कर दिया था।

मनरेगा का बदलेगा नाम: पैसे और समय की बर्बादी कर रही मोदी सरकार: प्रियंका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार दो दशक पुरानी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) को निरस्त करके इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ रही है। नए विधेयक का नाम विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 होगा। अब इस बदलाव को लेकर कांग्रेस की ओर से सरकार पर निशाना साधा जा रहा है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए सरकार की आलोचना की।

उन्होंने आगे तर्क दिया कि जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में इतने बदलाव करने पड़ते हैं, जिन पर पैसा खर्च होता है। तो इसका क्या फायदा, यह सब क्यों किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम पैसे और समय दोनों की बर्बादी है और केंद्र सरकार बहुमूल्य बहस के समय को बर्बाद करके प्रभावी रूप से अपने ही काम में बाधा डाल रही है। जब हम बहस करते हैं, तब भी वह लोगों के असली मुद्दों पर नहीं, बल्कि दूसरे मुद्दों पर होती है। समय बर्बाद हो रहा है, पैसा बर्बाद हो रहा है।

महात्मा गांधी को न सिर्फ देश में बल्कि दुनिया में सबसे महान नेता माना जाता है

नाम बदलने के पीछे आखिर क्या है उद्देश्य?

लोकसभा की सोमवार की कार्यसूची में यह विधेयक सूचीबद्ध किया गया है। प्रियंका गांधी ने योजना का नाम बदलने के पीछे सरकार के इरादे पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या ऐसा करना जरूरी भी था। संसद परिसर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए सोमवार उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी को न सिर्फ देश में बल्कि दुनिया में सबसे महान नेता माना जाता है, तो उनका नाम हटाना मेरी समझ से परे है। इसका उद्देश्य क्या है, उनका इरादा क्या है।

क्या बदलाव होंगे?

विधेयक का उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्त वर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। इसका लक्ष्य सशक्तीकरण एवं विकास को बढ़ावा देकर समृद्ध और सक्षम ग्रामीण भारत का निर्माण करना है। विधेयक के उद्देश्यों के कथन में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा ने पिछले 20 साल से अधिक समय तक ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी दी है।

उन्होंने कहा, हालांकि सामाजिक सुरक्षा के बड़े पैमाने पर कवरेज और बड़ी सरकारी योजनाओं को पूरी तरह लागू करने से ग्रामीण इलाकों में जो बड़ा सामाजिक-आर्थिक बदलाव आया है, उसे देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी हो गया है।

बठिंडा कोर्ट में पेश नहीं हुई कंगना रनौत

नई दिल्ली (आईएएनएस)। मानहानि से जुड़े एक मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को सोमवार को बठिंडा अदालत में पेश होना था, लेकिन लोकसभा सेशन चलने के कारण वह उपस्थित नहीं हुईं। उनकी जगह उनके वकील अदालत में पहुंचे। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 5 जनवरी 2026 निर्धारित की है। इस मानहानि मामले में कंगना पर आरोप है कि उन्होंने किसानों के आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पर बुजुर्ग महिला महिंदर कौर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। बठिंडा अदालत में पेशी के दौरान कंगना रनौत के वकील ने हाजिरी पर छूट की अर्जी दाखिल की। इस अर्जी के संबंध में अदालत ने कोई फैसला नहीं सुनाया और 5 जनवरी 2026 की तारीख तय कर दी। इस तारीख से पहले बुजुर्ग महिला महिंदर कौर की ओर से गवाह अदालत में पेश किए जाएंगे। इस तारीख पर अदालत में हाजिरी से छूट पर बहस भी होगी। मामला 2020-21 के किसान आंदोलन से जुड़ा है। उस समय दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ कृषि कानूनों के विरोध में लंबा धरना प्रदर्शन चल रहा था। इसी दौरान बठिंडा जिले के बहादुरगढ़ जंडिया गांव की बुजुर्ग महिला महिंदर कौर ने एक याचिका दाखिल की थी।

हॉलीवुड के डायरेक्टर-एक्टर रॉब रेनर और पत्नी मिशेल सिंगर घर में पाए गए मृत

, पुलिस जांच में जुटी

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर अमेरिकी डायरेक्टर और एक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल को लॉस एंजेलिस स्थित उनके घर में मृत पाया गया। अधिकारियों ने शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि दोनों के शरीर पर चाकू के घाव हैं। इस मामले में पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। लॉस एंजेलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, उनके पास दोपहर करीब 3:30 बजे मेडिकल इमरजेंसी के लिए कॉल आई। जब टीम मौके पर पहुंची, तो 78 वर्षीय रॉब और 68 वर्षीय मिशेल को मृत पाया गया।

पुलिस ने इस घटना को हत्या करार दिया। लॉस एंजेलिस पुलिस विभाग के रॉबरी हौमिसाइड डिविजन की टीम मामले की जांच कर रही है। मामले में अभी किसी पर भी आधिकारिक तौर पर आरोप नहीं लगाया गया है। इस खबर ने हॉलीवुड में सनसनी मचा दी है, और फिल्मी दुनिया के लोग इस घटना पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने भी इसे शहर के लिए एक बड़ा नुकसान बताया।

रॉब रेनर सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं थे, बल्कि हॉलीवुड के सबसे चर्चित डायरेक्टर्स में से एक भी थे।

धनशोधन मामले में गुजरात के पत्रकार को शीर्ष कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात के पत्रकार महेश लांगा को धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत दी। यह अहमदाबाद में ईडी की ओर से दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा मामला है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत तथा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने विशेष अदालत को इस मामले में रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान कोई तारीख बढ़ाने (स्टे) की मांग न करें। शीर्ष कोर्ट ने लांगा को यह भी निर्देश दिया कि वह अपने खिलाफ चल रहे इस विचाराधीन मामले पर अखबार में कोई लेख न लिखें। बेंच ने कहा कि अगर आदेश का उल्लंघन किया गया तो जमानत रद्द करने पर विचार किया जा सकता है। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि किसी पत्रकार द्वारा पैसे की उगाही करना एक गंभीर अपराध है और उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी का जॉर्डन में भव्य स्वागत

अम्मान (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंच गए हैं। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी यह यात्रा जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के आमंत्रण पर कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और आपसी हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। अम्मान पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह जॉर्डन पहुंचकर प्रसन्न हैं और हवाई अड्डे पर मिले आत्मीय स्वागत के लिए प्रधानमंत्री जाफर हसन के आभारी हैं। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि यह यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री

मोदी की यह यात्रा भारत-जॉर्डन संबंधों को नई दिशा देने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

बता दें कि जॉर्डन में रहने वाले भारतीय, प्रधानमंत्री से मिलने और उनका स्वागत करने के लिए अति उत्साहित हैं। लोग पलके बिछाए पीएम मोदी के इंतजार में नजर आए।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

समुद्री क्षेत्र को हरित, स्वच्छ और टिकाऊ बनाने के लिए सरकार उठा रही बड़े कदम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत एक नए और बड़े बदलाव वाले समुद्री दौर में प्रवेश कर रहा है। सरकार ने एक बयान में कहा है कि देश अपनी लंबी समुद्री सीमा, बढ़ती औद्योगिक ताकत और महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति का उपयोग न केवल व्यापार और संपर्क बढ़ाने के लिए कर रहा है, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी काम कर रहा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' तैयार किया है, जो भारत के समुद्री क्षेत्र को सशक्त बनाने और इसे अधिक हरित, स्वच्छ और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इसमें बताया गया कि समुद्री परिवहन का भविष्य ग्रीन हाइड्रोजन, अमोनिया, बायोफ्यूल और एलएनजी जैसे

स्वच्छ ईंधनों पर आधारित होगा। इसी दिशा में राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया है, जिसका लक्ष्य जीरो कार्बन उत्सर्जन का मार्ग प्रशस्त करना और भारत को ग्रीन हाइड्रोजन का ग्लोबल लीडर बनाना है। साथ ही वर्ष 2030 तक हर साल 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन बनाने, 8 लाख करोड़ रुपए का निवेश लाने, 6 लाख नौकरियां पैदा करने और ईंधन आयात में 1 लाख करोड़ रुपए की बचत का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कांडला, पारादीप और तूतीकोरिन बंदरगाहों को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

नमक्कल में अंडों की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

चेन्नई (आईएएनएस)। तमिलनाडु के नमक्कल जिले में अंडों की कीमतों ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। एशिया के सबसे बड़े पोल्ट्री हब में शामिल नमक्कल में सोमवार को अंडे का फार्म-गेट दाम 6.25 प्रति अंडा तक पहुंच गया। नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी (एनईसीसी) के अनुसार, यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। एनईसीसी के नमक्कल जोन के चेयरमैन के. सिंगराज ने संशोधित दर की पुष्टि की है। पोल्ट्री उद्योग से जुड़े जानकारों के मुताबिक, अंडों की कीमतों में यह बढ़ोतरी पिछले एक महीने से जारी क्रमिक तेजी का नतीजा है। नमक्कल में 17 नवंबर को पहली बार अंडे की कीमत 6 रुपए प्रति अंडा तक पहुंची थी, जिसे पोल्ट्री सेक्टर के लिए एक ऐतिहासिक पड़ाव माना गया। इसके बाद 21 नवंबर को दाम बढ़कर 6.10 रुपए हो गया।

शेफाली वर्मा ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को नवंबर 2025 के लिए 'आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। शेफाली वर्मा ने बीते महीने संपन्न हुए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। शेफाली ने थाईलैंड की थिपत्चा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़कर अपना पहला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड जीता है। शेफाली वर्मा को महिला वनडे विश्व कप में चोटिल प्रतिका रावल के स्थान पर टीम में शामिल किया गया था। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में महज 10 रन की पारी खेली, जिसके बाद खिताबी मुकाबले में 78 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्कों और 7 चौकों के साथ 87 रन बनाए। यह वर्ल्ड कप

फाइनल में किसी भारतीय महिला ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। आईसीसी की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में शेफाली ने कहा, ÷मेरा पहला आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का अनुभव वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था, लेकिन यह सफर उससे कहीं बेहतर तरीके से खत्म हुआ जैसा मैंने कभी सोचा या कल्पना की थी। मैं शुक्रगुजार हूं कि फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे पाई और पहली बार वर्ल्ड कप जीतने और घरेलू दर्शकों के सामने इतिहास रचने का हिस्सा बन पाई।

मेसी से मिलकर गदगद हुए एल्विश और जन्नत

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर फुटबॉल प्लेयर लियोनल मेसी इन दिनों भारत दौरे पर हैं। हाल ही में मेसी से मशहूर कंटेंट क्रिएटर एल्विश यादव और टेलीविजन अभिनेत्री जन्नत ने मुलाकात की। दोनों ने मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। एल्विश यादव और जन्नत जुबैर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैसी के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दोनों एक इवेंट में नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने इसे कैप्शन दिया, हमने मेसी से मुलाकात की!! क्या शानदार दिन था। भारत में आपका स्वागत है। बहुत सारा प्यार। बता दें कि लियोनल मेसी अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉल प्लेयर हैं। विश्व कप विजेता खिलाड़ी की दीवानगी दुनियाभर में देखने को मिलती है। मेसी तीन दिन के भारत दौरे पर है, जिसका आज अंतिम दिन है। प्लेयर का ये दौरा शनिवार को कोलकाता से शुरू हुआ था और इस दिन

ही शाम को वे हैदराबाद भी पहुंचे थे। रविवार को मेसी मुंबई पहुंचे थे, जहां उन्होंने क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की थी। सोमवार को दिल्ली में उनका आखिरी दौरा है, जहां पर वे कई लोगों से मुलाकात करेंगे। लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर एल्विश यादव अपने फनी वीडियो, रोस्ट और व्लॉग्स के लिए जाने जाते हैं, और 2023 में बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता बनने के बाद इन्हें देशभर में पहचान मिली थी। वे एमटीवी रोडीज में गैंग लीडर भी रह चुके हैं और हाल ही में 'लाफ्टर शेफ्स' जैसे शो में भी दिखे हैं।

धुरंधर सुभाष घई का सवाल, 'क्या जरूरी है, मेकर्स, कंटेंट या स्टार्स'

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म निर्देशक और निर्माता सुभाष घई बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो रही फिल्मों पर अपनी राय देते हैं। अब उन्होंने फिल्म 'धुरंधर' को लेकर कुछ ऐसी बात कही है, जो बड़े फिल्मी सितारों को थोड़ी चुभ सकती है। निर्माता ने फिल्म के अच्छे कंटेंट और मेकर्स पर फोकस करने की बात कही है, बड़े स्टार्स पर नहीं। सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया और अच्छे कंटेंट, मेकर्स और स्टार्स की बात की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷मैंने कल कोमल नाहटा से पूछा कि अगर 'धुरंधर', 'सैयारा' और 'लालो' जैसी फिल्मों को दर्शक बहुत पसंद करें, तो ज्यादा क्या काम करता है? कंटेंट या मेकर्स या स्टार्स? उन्होंने मुझे तुरंत जवाब दिया कि कंटेंट और मेकर्स। टार्स तो सोने पर सुहागा हैं।

न्यूज गैलरी

कोरबा पहुंचे दंतैल हाथियों ने तवरिहा गांव में मचाया उत्पात

कोरबा/नवप्रदेश। गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले से विचरण करते हुए कोरबा पहुंचे दंतैल हाथियों ने शनिवार की रात पसान रेंज के तवरिहा गांव में उत्पात मचाते हुए जहां एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। वहीं एक अन्य ग्रामीण के घर के सामने के हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों का आतंक क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार तीन दंतैल हाथी इस माह मरवाही रेंज की सीमा को पार कर पहुंचे हैं। तब से लगातार क्षेत्र में उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन के नाक में दम कर रखा है। हाथी प्रतिदिन किसी न किसी गांव में प्रवेश कर खलिहान में रखे धान को चट कर रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थीक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन न तो वन विभाग उन्हें राहत दे रहा है और न ही प्रशासन। क्षेत्र में मौजूद उत्पाती हाथी ऐसे समय में ग्रामीणों के धान को नुकसान पहुंचा रहे है जब ग्रामीण उसे खेतों से काटकर खलिहान में ले आते हैं और उसे मिसाई कर धान खरीदी केंद्रों में बिक्री के लिए ले जाने की तैयारी में रहते हैं। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा तवरिहा में दंतैल हाथियों के आने तथा घर तोड़े जाने की सूचना दिये जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आकंलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। इससे पहले हाथियों ने तरईनार गांव में पहुंचकर दो ग्रामीणों के घर को निशाना बनाया था। इस घटना में मकान मालिक व उसके परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गये थे।

पत्नी से विवाद के बाद टावर पर चढ़ा युवक

कोरबा/नवप्रदेश। एक युवक की पत्नी से वाद विवाद हो जाने पर परेशान पति ने आत्महत्या करने की नियत से मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों हंगामा करता रहा पुलिस की टीम को जब इसकी सूचना मिली तो पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंची और किसी तरह से समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा गया। तब जाकर पुलिस की टीम ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी अंतर्गत रावणभांटा निवासी करण चौहान घरेलू विवाद से आहत होकर रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे मोहल्ले में लगे जिओ टावर पर चढ़ गया और हंगामा शुरु कर दिया। युवक की गतिविधियों को देखकर स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना रजगामार चौकी पुलिस को दी। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में अफ्रा-तफ्री का माहौल बन गया था। मौके पर पहुंचे परिजन और मुहल्ले वासी व पुलिस की टीम ने करण को किसी तरह समझाइश दी और उसे टावर से नीचे उतारा गया और उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

स्वदेशी संकल्प यात्रा 20 को दुर्ग में

दुर्ग/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही राष्ट्रव्यापी ÷स्वदेशी संकल्प यात्रा÷ का 20 दिसम्बर को दुर्ग में समापन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर दुर्ग में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के शामिल होने की भी संभावना है। कैट दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने बताया कि कैट द्वारा नागपुर से प्रारंभ की गई। स्वदेशी संकल्प यात्रा एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जो देशभर में लगभग 25,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यह यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ ङ्क आत्मनिर्भर भारत बनाओ के आह्वान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना अंतर्गत बीती रात एक दसवीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह घर की सबसे बड़ी बेटी है। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। मोहननगर पुलिस ने बताया कि छात्रा दिशा माथनकर (15 वर्ष) निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग के आगे जयंती नगर सड़क नंबर 1 ने 13 दिसंबर की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृत छात्रा पब्लिक दुर्ग स्कूल दुर्ग में अध्यनरत थी। दिशा सहित चार लोगों का परिवार है जो जयंती नगर में किराए के मकान में रहता है। दिशा किराए की दुकान में टेलरिंग का कार्य करती है। पड़ोसियों ने अनुसार डॉक्टर ने बताया कि 2 बजे के आस पास मौत हुई है। बताया जा रहा है। कि दिशा परिवार की बड़ी बेटी थी। उसकी मां सिलाई का काम करती हैं, और उनकी एक छोटी-सी टेलर की दुकान भी किराए की है।

मंडी की टीम ने 66 हजार अवैध धान किया जब्त

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रशासन के निर्देश पर सीमावर्ती इलाकों में कृषि उपज मंडी जगदलपुर की टीम धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी की जा रही है। इसलिए मंडी की ओर से सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी बेरियर एवं जिले में ओडिशा से आने वाले मालवाहक को रोककर तलाशी की जा रही है। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर मंडी के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने धनपूंजी से आड़ावाल रेलवे क्रासिंग के पास बायपास में सुबह लगभग 10.10 बजे बड़ा पिकअप क्रमांक सीजी 17 केएक्स 9547 को रोका। उसमें 66332 रूपए का 70 बोरा 24 क्विंटल अवैध धान को परिवहन करते पाया।

किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

सुकमा/नवप्रदेश। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप

से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें।

ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, आने वाले दिनों में मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड के बीच लोगों के राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की हल्की वृद्धि हो सकती है।

छत्तीसगढ़ में ठंड से मिलेगी राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले चार दिनों में प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की हल्की वृद्धि होने की संभावना है, हालांकि, इस राहत के बाद तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जा सकती है। फिलहाल अगले दो दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

सामान्य से चार डिग्री कम रहा तापमान

राजधानी रायपुर के बाहरी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार और रविवार के दरमियान पिछले 24 घंटों में माना एयरपोर्ट पर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यहां का न्यूनतम पारा गिरकर 9 ।4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

रायपुर में छाया कोहरा

राजधानी रायपुर के मौसम को लेकर विभाग ने स्थानीय पूर्वानुमान जारी किया है। इसके मुताबिक, सोमवार को शहर में सुबह के वक्त कोहरा या धुंध छाये रहने की संभावना है, जबकि बाद में आसमान मुख्यत साफरहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक तापमान में हल्की चढ़ाव के चलते ठंड का असर थोड़ा कम महसूस होगा, लेकिन इसके बाद फिर से सर्दी बढ़ने के आसार हैं। रायपुर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

अंबिकापुर में सबसे ज्यादा ठंड

अंबिकापुर प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां पारा 5 ।3 डिग्री रहा। अगले 24 घंटे में कुछ जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है।

राजनांदगांव ब्लाक में पिछले साल की तुलना में इस साल 350 रजिस्ट्री कम

खैरागढ़, छुईखदान जैसे ब्लाकों में भी रजिस्ट्री में गिरावट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट बंद कर भले ही राजस्व में इजाफा कर लिया गया है। लेकिन दूसरी ओर रजिस्ट्र के आंकड़े पर गौर करे तो राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान जैसे ब्लाको में रजिस्ट्री में गिरावट आई है। हांलाकि अन्य ब्लाको में तेजी भी बनी हुई हैं। पिछले साल के अपेक्षा इस बार 788 रजिस्ट्री अधिक दर्ज की गई हैं।

जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा पिछले दो साल से कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट समाप्त कर दिया गया हैं। जिसके चलते ही पिछले साल 43 करोड़ 20 लाख से बढ़कर राजस्व इस बार 51 करोड़ 79 लाख रूपए खजाने में राजस्व मिले है, इस तरह जिला पंजीयक को करीब 12 करोड़ रूपए से अधिक का राजस्व इस बार प्राप्त हुआ है। राजनांदगांव की ही बात करे तो ब्लाक में पिछले साल से 340 रजिस्ट्री कम हुई है। जबकि राजस्व 43 करोड़ से बढ़कर 51 करोड़ प्राप्त हुआ है। इससे स्पष्ट है कि तीस फीसदी छूट बंद करने से खजाने में राजस्व अधिक आई हैं। हांलाकि जमीन से जुड़े लोगों का कहना है कि, सरकार द्वारा पांच डिसमिल से कम की छोटी जमीन की बिक्री पर रोक लगाई गई है। जिससे खरीदी बिक्री में कमी आई हैं। जिला पंजीयक से जानकारी के मुताबिक, पिछले साल अप्रैल माह से नवंबर तक जिला पंजीयक को तीनों जिले से 70 करोड़ 67 लाख 25 हजार रूपए राजस्व मिला था, जबकि इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 82 करोड़ 27 लाख पहुंच गया हैं। इस तरह गत वर्ष की तुलना में इस बार राजस्व में 11 करोड़ 59 लाख 76 हजार रूपए की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई हैं।

तीन ब्लाक में रजिस्ट्री कम, लेकिन राजस्व ज्यादा

जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव में पिछले साल अप्रैल से नवंबर तक 6845 रजिस्ट्री दर्ज की गई थी। जबकि इस साल यह कम होकर 6505 ही रही। वहीं खैरागढ़ में पिछले साल 2694 रजिस्ट्री हुई, जो घटकर 2690 हो गई। छुईखदान में भी 1259 से कम होकर 1226 हो गई। जबकि राजस्व की बात करे तो राजनांदगांव में 43 करोड़ से बढ़कर 51 करोड़, खैरागढ़ में 8 करोड़ चार लाख से बढ़कर 9 करोड़ 11 लाख और छुईखदान में 4 करोड़ 40 लाख से 4 करोड़ 53 लाख रूपए हो गया। इसी तरह डोंगरगढ़ में 1498 से 1567 रजिस्ट्री बढ़ी हैं। डोगरगांव में सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी होकर 721 से 1466 रही। छुरिया 1027 से 1151 व अंबागढ़ चौकी में 416 से 555 और मोहला 279 से 314, गंडई 818 से बढ़कर 871 रजिस्ट्री हुई हैं।

7 साल बाद बढ़ी कलेक्टर दर, मांगे फिर सुझाव

राज्य शासन द्वारा पूरे सात साल बाद अचानक कलेक्टर दर बढ़ाए गए है। जिसे लेकर रियल स्टेट कारोबार और जमीन खरीददारों में खलबली मची है। इसमें राहत देते हुए विगत दिनों शासन द्वारा प्लैट और स्लैब रेट पूर्व की तरह कर दी है। हांलाकि कलेक्टर दर बढ़े अनुसार लागू है, जिसे लेकर लोगो में नाराजगी है। हांलाकि शासन द्वारा 31 दिसंबर तक प्रदेशभर के जिला पंजीयको से सुझाव मांगे गए हैं।

शेयर मार्केट में पैसे डबल करने का झांसा देकर 18 लाख की धोखाधड़ी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में 2 साल में पैसे डबल करने का झांसा देकर 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। बसंतपुर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकुंद पांडे पिता कल्याण गोविंद पांडेय उम्र 56 वर्ष निवासी दुर्ग ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह टॉप वर्थ पावर प्लांट रसमड़ा जिला दुर्ग में कार्य करता है। जहां गोकुलधाम सोसायटी गोकुल नगर राजनांदगांव के थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर धनीराम सिन्हा का आना-जाना लगा रहता था। धनीराम ने अपने को शेयर मार्केट का जानकारी बात कर दो साल में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। प्रार्थी का कहना है कि वह धनीराम के झांसे में आकर 15 मार्च 2023 को कल्पना पांडे और अंजू साहू के साथ धनीराम के निवास गोकुलधाम सोसायटी गया जहां धनीराम के झांसे में आकर अपने एक्सिस बैंक के खाते से 18 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से उसके खाते में ट्रांसफर किया।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल कैद

रायगढ़/नवप्रदेश।रायगढ जिला कोर्ट के द्वारा नाबालिग को घर से भगा ले जाने एवं शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को 20 साल कैद की सजा सुनाई गई।

पूरा मामला कोतरारोड थाना अंतर्गत ग्राम लिटाईपाली का है, जहां के निवासी विजय जांगडे उर्फ बिज्जू उम्र 24 साल के द्वारा जनवरी 2025 में गांव की ही एक नाबालिग को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। जहां परिजनों के शिकायत के बाद पुलिस नें आरोपी को 1 महीनें बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पीडिता नें पुलिस को बताया कि आरोपी ने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए, पुलिस नें आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सों एक्ट के तहत जेल भेज दिया जहां कोर्ट ने आरोपी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पीडिता के के पिता ने कोतरा रोड थाने में सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 जनवरी 2025 की सुबह साढ़े 9 बजे उसकी 16 साल की नाबालिग बेटी स्कूल गई थी। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। आसपास व रिश्तेदारों में पूछताछ करने के बावजूद उसका कहीं पता नही चला। ऐसे में उसे संदेह है कि अज्ञात युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर कोतरा रोड पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस जांच में जानकारी हुई कि पीड़िता ग्राम लिटाईपाली में है। ऐसे में पुलिस ने 5 फरवरी को नाबालिग को ग्राम लिटाईपाली से बरामद किया।

बंद बोरी में मिली महिला के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

भिलाईनगर/नवप्रदेश। चंद्रा-मौर्या रेलवे अण्डरब्रिज की नाली में शनिवार को बोरे के अंदर मिली महिला के शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। इस बीच पुलिस की ओर से छह बिंदुओं में जानकारी देते हुए मृतका की शिनाख्ती का प्रयास किया जा रहा है। मामले में सुपेला थाना पुलिस के साथ-साथ क्राइम एंड साईबर यूनिट द्वारा मुखबिरों को एलर्ट किया गया है। वहीं दुर्ग जिला सहित पड़ोसी जिलों के विभिन्न थानों के हाल ही में दर्ज महिला गुमशुदगी के प्रकरणों की जानकारी जुटाई जा रही है। सुपेला पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह सुपेला थाना क्षेत्र में चंद्रा-मौर्या रेलवे अण्डरब्रिज की नाली में बोरी में बंद महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी।

फसल बीमा में फर्जीवाड़ा करने वाले 2 गिरफ्तार

छुरिया/नवप्रदेश। खेत में केले की फसल लगी होने के बाद चना बोने का झूठा विवरण प्रस्तुत कर फर्जी फसल बीमा कराकर बीमा राशि अंतरित कराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित वर्मा पिता संतोष वर्मा निवासी मासूल थाना घुमका और परमेश्वर साहू पिता प्रकाश साहू निवासी खूंटा छुरिया शामिल है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक छन्नी साहू ने गत 8 सितंबर को शिकायत में बताया था कि ग्राम आमगांव स्थित रैलिस बायो एनर्जी प्रा. लिमिटेड के पार्टनर जय बग्गा, वैभव गोलछा एवं सुदर्शन वर्मा के नाम दर्ज 34 खसरा, लगभग 50 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर एक वर्ष से अधिक समय से केले की फसल लगी थी। उक्त भूमि पर वर्ष 2024-25 में चना फसल दर्शाकर फसल बीमा कराया गया तथा बिना फसल कटाई एवं पंचनामा के कृषि विभाग के अधिकारी, पटवारी एवं बीमा एजेंट की कथित मिलीभगत से चना फसल का नुकसान होना बताकर 25 लाख से अधिक की बीमा राशि का भुगतान कराया गया।

आरोपियों ने जुर्म कबूला: पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में छुरिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 13 दिसंबर को आरोपी अमित वर्मा और परमेश्वर साहू की तलाश कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जांच में फर्जीवाड़ा की पुष्टि: मामले के खुलासे के बाद कलेक्टर ने तहसीलदार विजय कोठारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यों का जांच दल गठित किया था। जांच दल द्वारा ने शिकायत के संबंध में संपूर्ण जांच पर अमित वर्मा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भारतीय कृषि बीमा कंपनी एवं सीएससी संचालक परमेश्वर साहू द्वारा कूटरचित दस्तावेज पोर्टल में प्रस्तुत कर और फर्जी फसल बीमा कराकर 23 लाख 28 हजार 944 रुपए को परमेश्वर साहू, गंगेश्वरी साहू और रुक्मणी कंवर के बैंक खाते में राशि अंतरण करा लेने पाए जाने पर कृषि विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने निर्देश देने दिया था।

हवाई जहाज से सैर कराने का सपना दिखाकर बच्चों को पढ़ाई में बेहतर बनाया

मुसुरपुट्टा में 12 साल से 10वीं-12वीं के टॉपर्स को प्लेन से घुमा रहे गांव वाले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुधावा क्षेत्र के मुसुरपुट्टा गांव ने अनोखी मिशाल पेश की है। यहां गांव के लोगों ने हवाई जहाज से सैर कराने का सपना दिखाकर गांव के बच्चों को पढ़ाई में बेहतर बना दिया। वहीं इस गांव में गांव वालों ने पिछले 12 साल से 10वीं-12वीं के टॉपर्स को प्लेन से घुमाया जा रहा है।

मुसुरपुट्टा में 10वीं-12वीं के टॉपर्स को प्लेन से घुमा रहे गांव वाले: अब गांव के ज्यादातर बच्चे दसवीं और बारहवीं प्रथम श्रेणी में पास हो रहे हैं। करीब 1900 की आबादी वाले मुसुरपुट्टा गांव में 12 साल पहले 2013 में गांव के टॉपर्स को हवाई जहाज से सैर कराने की योजना बनी ताकि गांव में पढ़ाई का माहौल बने।

टॉपर बन रहे बच्चे

धीरे-धीरे मेहनत का असर दिखने लगा। परीक्षा के नतीजे आए तो सभी हैरान रह गए। कई बच्चे जो पहले पिछड़ते थे, वे अब टॉप करने लगे। स्कूल का परिणाम पहले से काफी बेहतर हो गया। बच्चों के आत्मविश्वास में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। बच्चों ने न सिर्फ अच्छे अंक हासिल किए, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और बड़े सपने देखने की आदत भी सीख ली। टीचर के मुताबिक, बच्चों को अगर सही दिशा और एक अच्छा सपना दिखा दिया जाए, तो वे असंभव को भी संभव कर सकते हैं। यह कहानी बताती है कि पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है। सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और विश्वास से बच्चों की किस्मत बदल सकती है। छत्तीसगढ़ की यह पहल आज कई शिक्षकों और स्कूलों के लिए एक मिसाल बन गई है।

गांव वाले मिलकर करते हैं खर्च

इस अनोखी योजना का संचालन गांव के ही शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों ने मिलकर किया। योजना के संस्थापक सदस्य शिक्षाविद धनराज भास्कर ने बताया कि गांव के बहुत से लोग शासकीय सेवाओं में हैं, जो इसका सारा खर्च उठाते हैं। पहले इस योजना से गांव से निकले 15 शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जुड़े थे। अब यह संख्या 110 हो गई है, जिनमें डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, शिक्षक, पुलिसकर्मी, सेना के जवान, क्लर्क सब हैं। दीपावली पर गांव के सभी अधिकारी एकत्र होते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com